नई दिल्ली
रविवार 1 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

हरियाणा सरकार

हरियाणा दिवस

हीरक जयन्ती के अवसर पर

हरियाणावासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

1 नवम्बर, 2026



म्हारा हरियाणा, म्हारी शान
म्हारी धरती, म्हारा मान

"हरियाणा दिवस के अवसर पर राज्य के सभी निवासियों को बहुत-बहुत बधाई। यह ऐतिहासिक धरती हमारे किसान भाई-बहनों के अथक परिश्रम, जवानों के अतुलनीय पराक्रम और युवाओं के अद्भुत प्रदर्शन से देशभर के लिए एक मिसाल रही है। प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे इस प्रदेश के विशेष अवसर पर मैं हर किसी की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।"

- नरेन्द्र मोदी



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



हरियाणा सरकार

हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1 नवम्बर, 2026



हीरक जयंती के अवसर पर

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

विशिष्ट अतिथि

प्रो. असीम कुमार घोष
माननीय राज्यपाल, हरियाणा

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

विशेष कार्यक्रम

60 वर्ष

हीरक जयंती समारोह

हरियाणा प्रदेश की स्थापना के
60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर

सभागार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
(प्रातः 10:00 बजे)



स्वामी श्रद्धानंद जयंती कार्यक्रम

प्रदेश की छह दशकों की
विकास यात्रा होगी रेखांकित

गुरुकुल, कुरुक्षेत्र
(प्रातः 11:00 बजे)

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए
क्यू.आर. कोड स्कैन करें

आप सादर आमंत्रित हैं

नई दिल्ली
रविवार 1 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

एकता दिवस परेड में प्रधानमंत्री मोदी बोले

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात

पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▸▸ एकता नगर

- आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया
- पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के केवडिया में एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई। एकता हमें एक राष्ट्र के रूप ▸▸ शेष पेज 8 पर



'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' देखने एकतानगर में कई सुविधाएं बेहतर हुईं

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविधाएं दी गई हैं। अब यहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। पीएम मोदी ने एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। ▸▸ शेष पेज 8 पर

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से ज्यादा अट्रैक्टिव बनाना है। सीवेज और जल उपचार संयंत्र से साफ-सफाई और पानी के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

इन नई परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। इनमें गोरा-भद्र रोड का विकास, इंटीग्रेटेड जीरो वेस्ट स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और खलवानी इको टूरिज्म डेवलपमेंट शामिल हैं। इसके अलावा कैक्टस और बटरफ्लाई गार्डन के एकीकृत विकास की योजना भी है।

अन्य व्यवसायों में भी होगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से एकतानगर में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। होटल और पर्यटन सुविधाओं के संचालन से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल कारोबारियों और खानपान से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

'सरदार' ने राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी पिरोया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ का ध्वज तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम कर स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है उसी स्वाभिमान ने हमें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की प्रेरणा दी। इस वर्ष देश इस पर्व को भी पूरे उत्साह के साथ मना रहा है।

खबर संक्षेप

पुरी ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन



भोपाल। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को राज्यसभा प्रत्याशी के तौर पर मप्र विधानसभा में पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि तेलंगाना राज्य के निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना ने भी नामांकन दाखिल किया है। अब तक में मप्र से राज्यसभा के एक सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। दो प्रत्याशियों की स्थिति में 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मप्र राज्यसभा के लिए भाजपा से डॉ. एल मुरूगन निर्वाचित हुए थे। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक था।

उमर अब्दुल्ला ने निधि राजदान से शादी की

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पत्रकार निधि राजदान के साथ शादी कर ली है।



उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पर निधि राजदान के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि कल से एक नए सफर की शुरुआत हुई। उनकी यह शादी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी पहली पत्नी पायल अब्दुल्ला से तलाक को मंजूरी दिए जाने के करीब 3 महीने बाद हुई है। दरअसल कोर्ट ने उमर अब्दुल्ला और पायल की शादी खत्म की थी। का आदेश दिया था। उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला की शादी वर्ष 1994 में हुई थी। दोनों की मुलाकात दिल्ली के ओबेरॉय होटल में काम करने के दौरान हुई थी। इस शादी से उनके दो बेटे हैं, जिनके नाम जाहिर और जमीर हैं। दोनों वर्ष 2009 से अलग रह रहे थे। उमर अब्दुल्ला ने वर्ष 2011 में सार्वजनिक रूप से अपने अलगाव की जानकारी दी थी।


राहुल गांधी बोले- 2024 के लोकसभा चुनाव अवैध

19 विपक्षी दलों के 215 सांसद मौजूद रहे

विपक्ष की संसद 3.23 घंटे चली, ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन-महाभियोग पास

आज रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक का 'शंखनाद'

रविवार को इंडिया ब्लॉक 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली करेगा। कांग्रेस का दावा है कि इस रैली में देश भर से करीब 10 लाख लोग पहुंचेंगे। कॉकरोच जनता पार्टी के यूथ भी हिस्सा लेंगे। रैली के लिए मैदान में विपक्षी नेताओं के लिए मुख्य मंच पर बड़ा तिरंगे के रंग का टेंट और मंच तैयार किया गया है। गठबंधन के विभिन्न घटक दलों और राज्य इकाइयों के लिए अलग से मंच और ठिकाने बनाए गए हैं। मैदान में हजारों प्लास्टिक की कुर्सियां और सफेद तंबू लगाए गए हैं ताकि दूर-दूर से आने वाले कार्यकर्ताओं को परेशानी न हो। कांग्रेस और यूथ कांग्रेस मुख्यालय (अकबर रोड) पर भी बड़े टेंट लगाए गए हैं, जहां से कार्यकर्ता एकत्र होकर मार्च करते हुए रामलीला मैदान पहुंचेंगे। नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास से मिंटो रोड तक खुली बसों की भी तैयारी है कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के करीब 3,500 से 4,000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। रामलीला मैदान और उसके आसपास के ▸▸ शेष पेज 8 पर



मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ अन्य नेता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- *यह जन-महाभियोग दोपहर करीब 3 बजे से शुरु हुआ*
- *मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर चली मॉक पार्लियामेंट*

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा एसआईआर के जरिए 13.3 करोड़ यानी 15 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें से कई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। उस चुनाव में जीत का अंतर सिर्फ 3 फीसदी वोट का था। राहुल शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस ▸▸ शेष पेज 8 पर

समझ में आ जाएगा कि भाजपा का खेल क्या है?

राहुल ने कहा कि यह कितनी अजीब बात है कि मुख्य चुनाव आयुक्तके महाभियोग पर चर्चा करने के लिए पूरे विपक्ष को बागीचे में बैठना पड़ रहा है, क्योंकि हमारे लिए बाकी सभी संस्थान बंद हैं। ज्ञानेश कुमार सीईसी के ▸▸ शेष पेज 8 पर

खरगे ने लगाए 6 आरोप

1. चुनाव चुराने की साजिश रची गई
2. 13.2 करोड़ वोटरों के नाम हटा दिए गए
3. संसद की निगरानी या जानकारी के बिना 'फॉर्म 6' को बदल दिया
4. इलेक्टोरल रोल पर कब्जा कर लिया
5. बाकी दो चुनाव आयुक्तों को प्रक्रिया से बाहर रखा
6. मोदी और शाह के इशारे पर काम किया

भाजपा की भी रैली आज

भाजपा ने कांग्रेस की 1 नवंबर की रैली के खिलाफ बड़ी तैयारी की है। भाजपा के इस मार्च में 1984 के एंटी सिख दंगों के पीड़ित और उनके परिवार के लोग भी शामिल होंगे। 1 नवंबर को सुबह 11 बजे से दिल्ली के हरिनगर में मार्च निकालेगा। इस रैली में भाजपा के बड़े सिख नेताओं समेत पार्टी के अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। हरदीप पुरी इस रैली का नेतृत्व करेंगे।

वोट चोरी पं. नेहरु ने की थीः पात्रा



भाजपा के प्रवक्ता संविद पात्रा ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके कुछ सहयोगी दल लोकतंत्र के साथ मजाक कर रहे हैं। असली पार्टियामेंट में सोना, आंख मारना, काम काम नहीं करने देते हैं। आज वोट ▸▸ शेष पेज 8 पर

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान

हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरुक नागरिकों की भागीदारी जरूरी



पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु 'प्रबुद्ध जन गोष्ठी' को संबोधित करते हुए

जीएनएच कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

लोकतंत्र की मजबूती केवल संवैधानिक संस्थाओं से नहीं, बल्कि जागरुक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, सकारात्मक संवाद और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान से सुनिश्चित होती है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने और राष्ट्रहित के विषयों पर जन-जागरुकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाए। यह बात हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने शनिवार को सोहना रोड स्थित जीएनएच कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत ▸▸ शेष पेज 8 पर

संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान पर दिया जोर

गोष्ठी में लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने, संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और सुशासन को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने ▸▸ शेष पेज 8 पर

अगले महीने सिर जोड़ा जाएगा

विष्णु मूर्ति का अलग हुआ सिर एएसआई के स्टोर रूम में मिला

इसका खुलासा ब्रिक्स सम्मेलन में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खजुराहो



खजुराहो स्थित 11वीं सदी के जवारी (वामन) मंदिर की खंडित प्रतिमा को अगले महीने तक पुराना रूप मिल जाएगा। मंदिर के गर्भगृह में बलुआ पत्थर से बनी भगवान विष्णु की प्रतिमा का धड़, चारों भुजाएं और पैर मौजूद हैं लेकिन मस्तक लंबे समय से लापता था। ये अब पुरातत्व विभाग (एएसआई) के स्टोर में ही मिला है। एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने कहा कि भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची ▸▸ शेष पेज 8 पर

रिफाइनरियों का निर्यात रुझान संतुलित होगा

अब पेट्रोल के निर्यात पर कोई 'शुल्क' नहीं लगेगा

डीजल और एटीएफ पर बढ़ाई गई ड्यूटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



वित्त मंत्रालय की तरफ से शनिवार को जारी की गयी अधिसूचनाओं के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को खत्म करने का एलान कर दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को 3 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को 50 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिया गया है। नई दरों के तहत, अब पेट्रोल के निर्यात पर ▸▸ शेष पेज 8 पर

संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर होगा मंथन

इंदौर में जुटेंगे संघ के 408 प्रमुख पदाधिकारी

अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 2 से 4 नवंबर तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 2 से 4 नवंबर तक इंदौर में आयोजित होगी। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन विस्तार, संगठनात्मक बदलाव और आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में देशभर के करीब 408 प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। इनमें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह तथा 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हैं।



सुनील आंबेकर प्रेस वार्ता में बोलते हुए

देश भर में आयोजन

बैठक से पहले शनिवार को संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को बताया कि विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक शताब्दी वर्ष के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्तमान में संघ की 1,01,151 दैनिक शाखाएं संचालित हो रही हैं, जबकि साप्ताहिक मिलन सहित कुल 1,10,849 स्थानों तक संघ का कार्य पहुंचा है। पिछले वर्ष अक्टूबर की तुलना में 13 हजार से अधिक नई ▸▸ शेष पेज 8 पर

एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

14 करोड़ के 7 दुर्लभ बाज के साथ पक्षियों का तस्कर अरेस्ट

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



यूपी एसटीएफ ने दुर्लभ पक्षियों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से सात दुर्लभ बाज (फाल्कन) मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करीब 14 करोड़ रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंबई निवासी फिरोज मसर्रत खान के रूप में हुई है। एसटीएफ को 30 अक्तूबर को सूचना मिली थी कि



मुंबई का एक व्यक्ति प्रतिबंधित पक्षियों को लेकर लखनऊ आने वाला है। इस पर एसटीएफ की टीम ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम के साथ मिलकर मदेयगंज थाना क्षेत्र के इरादतनगर मोहल्ले में छापा मारा। शुक्रवार शाम 7:30 बजे आरोपी को एक मकान से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सात बाज, एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका गिरोह प्रतिबंधित पक्षियों और वन्यजीवों की तस्करी करता है। गिरोह के सदस्य गोरखपुर, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के जंगलों से पक्षियों को पकड़कर लाते हैं। इसके बाद मुंबई के रास्ते दुबई, सऊदी अरब और बहरीन में उनकी सप्लाई की जाती है। आरोपी के खिलाफ मदेयगंज थाने में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई स्थानीय पुलिस करेगी।

'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाई, रणनीतिक योजना के लिए प्रसिद्ध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें 20 से अधिक तरह के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है और वह एक कुशल फाइटर जेट पायलट हैं। रणनीतिक योजना के लिए पहचाने जाने वाले और 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले एयर चीफ मार्शल दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पदभार संभाला

3500 घंटे की उड़ान का अनुभव, 20 से अधिक विमानों के माहिर पायलट



नए वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित

कई अभियानों में सक्रिय भूमिका

लगभग चार दशक के अपने सेवाकाल के दौरान, एयर मार्शल दीक्षित कई अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, जिनमें ऑपरेशन सफेद सागर, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं।

उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 2006 में वायु सेना पदक, 2011 में विशिष्ट सेवा पदक, 2023 में अति विशिष्ट सेवा पदक और 2026 में परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

1986 में वायुसेना की फाइटर यूनिट में हुए थे शामिल

29वें वायुसेना प्रमुख का पदभार संभालने वाले आशुतोष दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ। 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की लड़ाकू इकाई में शामिल हुए थे। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज (बांग्लादेश) और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनके पास मिराज-2000, मिग के विभिन्न संस्करण, किरण, जगुआर, आईएल-78, हॉक और तेजस समेत कई तरह के विमानों को उड़ाने का 3,500 घंटे से अधिक का व्यापक अनुभव है।

'इंडिया' गठबंधन की आज रामलीला मैदान में रैली के मद्देनजर दिल्ली में यातायात पर पाबंदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि एक नवंबर को रामलीला मैदान में 'इंडिया' गठबंधन की रैली के मद्देनजर दिल्ली के कई इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक यातायात पाबंदियां लागू रहेंगी। दिल्ली यातायात पुलिस के अनुसार, मध्य दिल्ली के प्रमुख चौराहों पर यातायात को स्थिति के अनुसार दूसरे मार्गों पर भेजा जाएगा। इनमें नेताजी सुभाष मार्ग टी-प्वाइंट, राजघाट, दिल्ली गेट, आईटीओ ए-प्वाइंट, अजमेरी गेट लालबत्ती, रणजीत सिंह फ्लाईओवर, झंडेवालान गोलचक्कर, तुर्कमान गेट और मीरदर्द चौक शामिल हैं। यातायात पुलिस ने बताया कि आईटीओ से दिल्ली गेट के बीच बहादुर शाह जफर मार्ग, राजघाट से अजमेरी गेट के बीच जवाहरलाल नेहरू मार्ग, अरुणा आसफ अली रोड, मिंटो रोड, देशबंधु गुप्ता रोड और बाराखंभा रोड पर जाम लगने की आशंका है। उसने कहा कि कमला मार्केट और हमदर्द चौक के आसपास के मार्गों पर भी यातायात प्रभावित हो सकता है।

अतिरिक्त यातायात पुलिसकर्मियों को किया जाएगा तैनात



रैली स्थल के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए मध्य रेंज में अतिरिक्त यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। वे वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने, यात्रियों को निर्धारित पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में मार्गदर्शन देने और जाम रोकने का काम करेंगे। पुलिस के अनुसार, लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के पास आपातकालीन वाहनों के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग की व्यवस्था अस्पताल के सामने रेलवे पार्किंग क्षेत्र, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के पार्किंग स्थलों और राजघाट पर की गई है। यातायात पुलिस ने कहा कि बहादुर शाह जफर मार्ग, राजघाट-जेएलएन मार्ग, डीबीजी रोड और मिंटो रोड पर बसों की आवाजाही भी नियंत्रित की जा सकती है।

'ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग'

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने की सलाह दी गई है। डीबीजी रोड की ओर से स्टेशन जाने वाले यात्री चेल्म्सफोर्ड रोड, कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल, मिंटो रोड और भवभूति मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। पूर्वी दिल्ली से आने वाले यात्री आईटीओ, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग और भवभूति मार्ग के रास्ते स्टेशन पहुंच सकते हैं। 'इंडिया' गठबंधन ने 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली आयोजित करने की योजना बनाई है। गठबंधन ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की है।

इसके अलावा, दोपहर 12 बजे मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से रामलीला मैदान तक मार्च निकालने की भी योजना बनाई गई है।

काली टीशर्ट और टोपी पहने नजर आएंगे समिति के पदाधिकारी

नई दिल्ली। रामलीला मैदान में आज होने वाली इंडिया ब्लॉक की रैली में कांग्रेस द्वारा गठित समितियों के पदाधिकारी काली टीशर्ट और काली टोपी पहने नजर आएंगे। समिति के सदस्यों को पदाधिकारियों को रैली से पहले शनिवार को डीपीसीसी से टी शर्ट, आईकार्ड और टोपी सौंप दी गई हैं। सभी को निर्देश दिया गया है कि अपने अध्यक्ष द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं।

मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 की घटना

जूता फैक्ट्री में आग लगने से चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से शुक्रवार देर रात चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल है। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि कुछ अभी फरार बताये गये हैं।

आग लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को रात लगभग 9:30 बजे, मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के बी-293/294 नंबर प्लॉट पर आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों तक काम किया। फैक्ट्री की इमारत से कुल छह लोगों को बाहर निकाला गया और उन्हें इलाज के लिए मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। बचाये गये छह लोगों में से चार की मौत हो गई है। दो लोगों का इलाज चल रहा है। मरने वालों के नाम बिहार के नालंदा निवासी अशोक (25), मंगोलपुरी निवासी हरिहर (40), लाल बाबू (38) और प्रेम चंद (50) पता चलें। इस संबंध में राज पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने दो आरोपियों सुरेश चंद निवासी दीपाली चौक, पीतमपुरा और अशोक निवासी सेक्टर 4, रोहिणी को पकड़ा है और उनसे पूछताछ की जा रही है। फरार अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें काम कर रही हैं।



मंगोल पूरी अग्निकांड मामले लगातार की जा रही है निगरानी : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। मंगोल पूरी अग्निकांड मामले की पूरी स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगोलपुरी में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राहत एवं बचाव कार्य में सभी संबंधित एजेंसियां जुटी हुई हैं। अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार, प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता और राहत कार्यों में तेजी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

अग्निशमन सेवा को बढ़ती जरूरतों के अनुसार मजबूत बनाना जरूरी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 84 वर्षों में पहली बार दिल्ली अग्निशमन सेवा का ऐतिहासिक विस्तार
- 2,345 नए पद स्वीकृत किए गए

दिल्लीवासियों की सुरक्षा और लोगों की जान बचाने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को बढ़ती जरूरतों के अनुसार मजबूत बनाना जरूरी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली की अग्निशमन और आपातकालीन बचाव व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि डीएफएस में अलग-अलग श्रेणियों के 2,345 नए पद सृजित किए जाएंगे। वर्ष 1942 में विभाग की स्थापना के बाद 84 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने बड़े स्तर पर पदों का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस फैसले के बाद विभाग में स्वीकृत पदों की संख्या 3,096 से बढ़कर 5,441 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुनर्गठन के तहत उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मंडल अधिकारी, सहायक मंडल अधिकारी, स्टेशन अधिकारी, उप अधिकारी, अग्रणी अग्निशामक, अग्नि ऑपरेटर, चपरासी, माली के पदों का विस्तार किया जाएगा। इससे विभाग के वरिष्ठ पर्यवेक्षण स्तर से लेकर जमीनी स्तर पर अग्निशमन और बचाव कार्यों में तैनात कर्मचारियों की उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही विभागीय ढांचे को अधिक सुव्यवस्थित बनाने, विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन करने और आपात स्थितियों में कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

तेजी से बढ़ती आबादी में हर मिनट महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी की तेजी से बढ़ती आबादी, विस्तारित शहरी क्षेत्र, घनी बस्तियां, बहुमंजिला इमारतें, औद्योगिक प्रतिष्ठान और जटिल बुनियादी ढांचा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। आग लगने या किसी अन्य आपदा की स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में पर्याप्त प्रशिक्षित मानव संसाधन, मजबूत नेतृत्व व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता ही लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में निर्णायक भूमिका निभाती है।

ऑपरेशन साईहॉक के तहत साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने अपने ऑपरेशन साईहॉक 6.0 के तहत साइबर अपराधियों और वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। इस संबंध में 305 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, वहीं 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 29 नए मामले दर्ज किए गए और 25 पुराने मामलों का खुलासा किया गया। इसके साथ ही 590 'म्यूल' बैंक खातों और 226 एटीएम हॉटस्पॉट की पहचान की गई। 40 मोबाइल फोन, 43 सिम कार्ड, 19 एटीएम कार्ड और अन्य बैंकिंग सामग्री बरामद की गई।

10 करोड़ की ठगी का खुलासा कुवैत भेजा जा रहा था पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जालसाज ट्रैफिक चालान के फर्जी मैसेज भेजकर करते थे ठगी

दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी ट्रैफिक चालान संदेशों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी, एसएमएस-फिशिंग और अंतरराष्ट्रीय मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पांच लोग गिरफ्तार किये गये। जालसाज ठगी का पैसा कुवैत भेज रहे थे। इस नेटवर्क से जुड़ी 544 एनसीआरपी शिकायतें लिंक हुई जिनमें 10 करोड़ से अधिक की ठगी का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि रिवॉर्ड-ऐप भुगतान नेटवर्क से 41 हजार से अधिक उपयोगकर्ता जुड़े हुए थे।

पुलिस के अनुसार साइबर आधारित संगठित वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो ट्रैफिक चालान, डिलीवरी वेरिफिकेशन और रिवॉर्ड से जुड़े फर्जी मैसेज भेजकर लोगों के खाते खाली करता था। पकड़े गये लोगों के नाम मोती सिंह बघेला, हर्षपाल, विक्की, विशाल दास वैष्णव और बर्जेश कुमार पता चलें। जांच में पता चला कि विदेश स्थित एक फर्जी ऐप का इस्तेमाल करके उपयोगकर्ताओं के फोन से फिशिंग संदेश भेजे जाते थे, जिसके बदले उन्हें 1 से 3 रुपये का फायदा देने का लालच दिया जाता था। 28 नवंबर 2025 को दर्ज किये गये केस से इस मामले की जांच शुरू हुई थी। शिकायतकर्ता को एक एसएमएस मिला था, जिसमें एक लिंक था। दावा किया गया था कि यह लिंक ट्रैफिक नियम तोड़ने के चालान के भुगतान के लिए है। उस फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही, शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 2.21 लाख रुपये का एक अनधिकृत ट्रांजैक्शन हो गया। शुरुआत में यह केवल एक फिशिंग घटना लग रही थी, लेकिन बाद में यह एक बड़ी जांच में बदल गई। इसमें बल्क एसएमएस भेजना, रिवॉर्ड-ऐप में हेरफेर, 'म्यूल' बैंक खातों का इस्तेमाल और बड़े पैमाने पर पैसों के लेनदेन का नेटवर्क शामिल था। ठगी गई रकम से सीधे उन लोगों तक नहीं पहुंचा जा सका जो इस धोखाधड़ी के नेटवर्क को चला रहे थे। जांच में पता चला कि ठगी गई रकम अंततः नेशनल बैंक ऑफ कुवैत के एक खाते में पहुंची थी, जिससे इन जालसाजों के साथ सीधा वित्तीय संबंध जोड़ना मुश्किल हो गया।

पुलिस ने 10 दिन के ऑपरेशन में 569 लोगों को पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस द्वारा 20 से 29 अक्टूबर तक चले 10 दिवसीय ऑपरेशन के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में 569 लोगों को पकड़ा। इनके पास से चोरी का सामान, अवैध हथियार, अवैध शराब, नशीले पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की भारी बरामदगी हुई। मिलावटी घी बनाने वाली भी एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया।

उसमें से 221.5 किलोग्राम घी और अन्य उपकरण बरामद किए गए। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पटाखे बनाने वाली दो फैक्ट्रियों और पांच मामलों में 828.1 किलो पटाखे जब्त किए गए। इन मामलों में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। लगभग 4 करोड़ रुपये कीमत की 161 रिमोट रेडियो यूनिट भी बरामद की गई। इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार हुई। पुलिस के अनुसार कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए 6,103 लोगों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई।

ऑनलाइन हेल्थ सप्लीमेंट धोखाधड़ी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पंजाब के लोगों को बनाया जा रहा था निशाना

पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने पंजाब के लोगों को निशाना बनाने वाले ऑनलाइन हेल्थ सप्लीमेंट और दवाओं से जुड़े धोखाधड़ी के मामले का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में हितेन कुमार और आयुष आर्य नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार openlifevedixa.com नामक एक फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल ठगी के लिये किया गया। इनके दो बैंक खातों में ढाई लाख से ज्यादा के संदिग्ध लेनदेन का पता चला है। आरोपियों ने 10 प्रतिशत कमीशन के बदले बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम को इधर उधर करने में मदद की थी। वेबसाइट चलाने वाले मुख्य व्यक्ति और अन्य साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार यह मामला पंजाब के अमृतसर निवासी धर्मवीर सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि एक वेबसाइट के जरिए हेल्थ सप्लीमेंट और दवाएं खरीदने के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने 27 सितंबर 2026 से 30 सितंबर के बीच हेल्थ सप्लीमेंट खरीदने के लिए कुल 83,257 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया था। हालांकि, वादा किए गए उत्पाद कभी नहीं पहुंचाए गए। शिकायतकर्ता ने बाद में इस मामले की रिपोर्ट नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर की थी। इसके आधार पर पूर्वी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया और मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मनी ट्रेल का पता लगाने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए बैंक खाते के विवरण, केवाईसी दस्तावेजों, बैंक स्टेटमेंट और वित्तीय लेनदेन का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच में सबसे पहले आयुष आर्य के नाम पर मौजूद एक एसबीआई बैंक खाते का पता चला। आगे की जांच में उसकी एक महिला मित्र से जुड़ा एक और बैंक खाता सामने आया। विस्तृत जांच से पता चला कि धोखाधड़ी से जुड़ी गतिविधियों के तहत इन दो बैंक खातों में कुल 2,66,437 रुपये जमा किए गए थे। बाद में यह रकम एटीएम के जरिए निकाल ली गई थी। पूछताछ के दौरान आयुष आर्य ने बताया कि उसने 10 प्रतिशत कमीशन के बदले अपना और अपनी महिला मित्र का बैंक खाता विवरण अपने चचेरे भाई हितेन कुमार को दिया था। इसके बाद हितेन को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.PC/84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुनमुन पत्नी सन्जू निवासी यू-103, लाल बिल्डिंग, नेताजी नगर, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं./सीसी नं. **117/2018, अन्तर्गत धारा 381/411 आईपीसी, थाना सरोजिनी नगर, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनमुन** मिल नहीं रही हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनमुन** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं./सीसी नं. **117/2018, अन्तर्गत धारा 381/411आईपीसी, थाना सरोजिनी नगर, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुनमुन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौर
न्यायिक न्यायाधीश प्रथम श्रेणी-05
रूम नं. 13, मैन बिल्डिंग
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

DP/15025/SW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन उर्फ कटप्पा** पुत्र श्री जसवंत सिंह, निवासी मकान नं. ई–31ए, गली नं. 2, जय विहार एक्सटेंशन, बापरोला, नजफगढ़, दक्षिण–पश्चिम दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 135/2023 धारा 302/323/342/34 भा.द.स., थाना रणहौला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन उर्फ कटप्पा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन उर्फ कटप्पा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 135/2023 धारा 302/323/342/34 भा.द.स., थाना रणहौला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ कटप्पा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **14.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री राजिन्दर कुमार,
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–03, (पश्चिम),
कोर्ट नं. 35, भूतल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15444/OD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सनी कुमार, पुत्र सुरेश, निवासी फुटपाथ, वेस्ट रोहिणी मेट्रो स्टेशन, दिल्ली और ग्राम छर्रा, करीनपुर मोहल्ला, अलीगढ़ ने एफआईआर नं 226/21 दिनांक 05.12.2026 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः रानी बाग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सनी कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सनी कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 226/21 दिनांक 05.12.2026 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थानाः रानी बाग, दिल्ली के उक्त सनी कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
नार्थ वेस्ट, कमरा नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15092/OD/2026

हत्या केस में वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुये डाबडी हत्याकांड में वांछित आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। वांछित आरोपी शिवम जग्गी को मुठभेड़ में बाएं पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने चार राउंड गोलियां चलाई, जबकि पुलिस टीम ने चेतावनी के तौर पर और आत्मरक्षा में तीन राउंड गोलियां चलाई। आरोपी का संबंध हाशिम बाबा गैंग से पता चला है। वह एक और अपराध को अंजाम देने के इरादे से अवैध हथियार लेकर द्वारका पहुंचा था। 24 अक्टूबर को डाबड़ी इलाके में झंडा चौक के पास एक हत्या को जग्गी और उसके साथियों ने अंजाम दिया था। हत्या की वारदात के बाद वह सीलमपुर इलाके में गैंग के सदस्यों के साथ रह रहा था।

सिम कार्ड की जांच से अमित तक पहुंची पुलिस

फर्जी लोन और स्कॉलरशिप फ्रॉड से जुड़े चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने फर्जी लोन और स्कॉलरशिप से जुड़े फ्रॉड में शामिल एक संगठित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराने, ठगी की रकम निकालने और कॉलिंग नेटवर्क के साथ समन्वय करने में कथित भूमिका के लिए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 12 मोबाइल फोन, नौ कीपैड वाले मोबाइल फोन, कुछ दस्तावेज और 45,170 रुपये नकदी बरामद हुई। मामले में पांच महिला टेलीकॉलर को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत पाबंद किया गया है।

पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल पर मौजूद साइबर अपराध की शिकायतों और वित्तीय लेनदेन के विवरण की जांच के दौरान साइबर थाने के कर्मचारियों को पश्चिम जिले के बैंक खातों से जुड़े एक संदिग्ध साइबर धोखाधड़ी पैटर्न का पता चला। पीड़ितों, विशेष रूप से तमिलनाडु और दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को स्कॉलरशिप और अन्य वित्तीय लाभ दिलाने का झांसा देकर पैसे ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित किया गया था। जांच पड़ताल के दौरान विकासपुरी स्थित कर्नाटक बैंक का एक खाता तीन एनसीआरपी शिकायतों से जुड़ा पाया गया। इस खाते और उससे जुड़े सिम कार्ड की जांच से पुलिस अमित कपूर तक पहुंची, जो कथित तौर पर इस खाते को संभालता था और पीड़ितों से ठगी गई रकम को निकालने में मदद करता था। फाइनेंशियल ट्रेल का विश्लेषण और लगातार जांच पड़ताल के बाद टीम ने अमित कपूर, शिवा सिंह चौधरी और एस. गौरव उर्फ अप्पू को गिरफ्तार किया। इन पर आरोप है कि ये बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे और उन्हें संभालते थे। साथ ही ठगी की रकम को निकलवाने और उसे आगे भेजने का काम करते थे। आगे की जांच में पता चला कि एस. गौरव उर्फ अप्पू, बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों और दक्षिण भारत में लोगों को निशाना बनाने वाले 'कॉलिंग ऑपरेशन' से जुड़े लोगों के बीच एक कड़ी का काम करता था। जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर टीम ने विकासपुरी इलाके के बुधेल्ला में एक जगह पर छापा मारा। वहां छह लोग मौजूद मिले। इनमें पांच महिला टेलीकॉलर और सिराज अंसारी उर्फ दाऊद शामिल है। दाऊद इस पूरे काम को संभालता था। जांच में मिले सबूतों के आधार पर, सिराज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा पांच महिला टेलीकॉलरों को भी इस मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत पाबंद किया गया।

प्रत्येक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर रही सरकार: रेखा

मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा में अनेकों कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का संकल्प राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने हैदरपुर के नेहरू कैंप में दो नवनिर्मित शिशु वाटिकाओं, पीतमपुरा की जीपी ब्लॉक की सेवा बस्ती में नवनिर्मित जन सुविधा परिसर और शालीमार बाग स्थित एओ ब्लॉक की सेवा बस्ती में नवीनीकृत जन सुविधा परिसर का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने कस्तूरबा गांधी पॉलिटेक्निक, पीतमपुरा में अर्पण केंद्र का शुभारंभ भी किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर खेल और मनोरंजन का वातावरण, स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं आधुनिक जन सुविधाएं तथा जरूरतमंद लोगों के लिए बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।



कस्तूरबा पॉलिटेक्निक में अर्पण केंद्र का शुभारंभ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी पॉलिटेक्निक में अर्पण केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस केंद्र के माध्यम से पुराने और प्रयोग में न आ रहे कपड़ों को नया जीवन देना, टेक्सटाइल वेस्ट (कपड़े का कचरा) कम करना और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास केवल बड़ी परियोजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक विकास तब दिखाई देता है जब आम नागरिक को अपने आसपास बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित पार्क और आधुनिक जन सुविधाएं मिलती हैं। दिल्ली सरकार इसी सोच के साथ प्रत्येक विधानसभा और प्रत्येक बस्ती में नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर काम कर रही है।सरकार का प्रयास है कि विकास का लाभ बिना

दिल्लीवासियों से मुख्यमंत्री की अपील, प्रतिबंधों का जिम्मेदारी से करे पालन

विशेष प्रवर्तन टीमें होंगी तैनात, एआई-सक्षम आईसीसीसी से होगी निगरानी

उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष प्रतिबंध लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते शीतकालीन वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए आज, एक नवंबर 2026 से विशेष प्रतिबंध लागू होने जा रहे हैं। दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने इन प्रतिबंधों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की हैं। परिवहन विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), नगर निगम तथा अन्य संबंधित एजेंसियों को सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पर्यावरण विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य प्रदूषण को उसके स्रोत पर ही रोकना है। इसके लिए विशेष प्रवर्तन टीमें तैनात की जाएंगी तथा एएनपीआर कैमरों और एआई-सक्षम इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के माध्यम से निगरानी की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नागरिकों, वाहन मालिकों, निर्माण एजेंसियों, संस्थानों, आरडब्ल्यूए तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे आज, एक नवंबर से लागू होने वाले प्रतिबंधों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें।

दिल्ली के बाहर पंजीकृत प्रतिबंधित वाहनों को दिल्ली में न लाएं। प्रतिबंधित बाहरी निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियां तत्काल बंद करें और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण मानकों का पालन करें। निजी वाहनों का अनावश्यक उपयोग कम करें, सार्वजनिक परिवहन और कार-पूलिंग को प्राथमिकता दें। खुले में कचरा, पत्तियां या अन्य सामग्री न जलाएं। प्रदूषण संबंधी उल्लंघनों की सूचना संबंधित एजेंसियों को दें और प्रवर्तन टीमों का सहयोग करें।



इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी निगरानी

एआई-सक्षम इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के माध्यम से प्रवर्तन गतिविधियों, एएनपीआर कैमरों से प्राप्त सूचनाओं, उल्लंघनों, चालानों तथा निर्माण स्थलों पर की गई कार्रवाई की निगरानी की जाएगी। विशेष प्रवर्तन टीमों को उल्लंघन की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज से लागू होने वाले प्रमुख प्रतिबंध

दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-4 से नीचे के वाहनों पर प्रतिबंध, एक नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-4 तथा उससे पुराने उत्सर्जन मानकों वाले मोटर वाहनों के दिल्ली में परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों, एम्बुलेंस, अग्निशमन, पुलिस तथा अन्य अधिसूचित छूट प्राप्त वाहनों को इससे छूट रहेगी। बाहरी निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध, एक नवंबर से 31 जनवरी तक धूल उत्पन्न करने वाली सभी तोड़फोड़ एवं बाहरी सिविल निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को निर्धारित शर्तों के अधीन छूट रहेगी। निर्माण स्थलों के भीतर फिनिशिंग, प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रिकल जैसे कार्य धूल नियंत्रण मानकों का पालन करते हुए किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, 10 दिसंबर से 20 जनवरी तक निर्धारित अपवादों को छोड़कर सभी निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

पार्किंग शुल्क दोगुना, घर से भी होगा कार्य

सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज से 28 फरवरी तक दिल्ली के अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना होगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले पार्किंग स्थल इससे मुक्त रहेंगे। आज से 31 जनवरी तक सरकारी एवं निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति तथा शेष कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू होगी। आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को निर्धारित छूट रहेगी। यातायात का दबाव कम करने के लिए दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक संचालित होंगे।

प्रतिबंधित वाहनों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

दिल्ली के प्रवेश मार्गों एवं अन्य स्थानों पर स्थापित एएनपीआर कैमरों के माध्यम से प्रतिबंधित वाहनों की पहचान की जाएगी। ऐसे वाहनों के विरुद्ध स्वचालित प्रणाली के माध्यम से चालान जारी किए जाएंगे तथा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमानुसार वाहन जब्त करने सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की विशेष टीमें भी वाहनों की जांच करेंगी। डीपीसीसी, नगर निगम, और अन्य संबंधित एजेंसियों की विशेष टीमें निर्माण स्थलों का निरीक्षण करेंगी।

बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं खेल : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'एमसीडी मिनी फुटबॉल लीग 2026' का यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की गरिमामय उपस्थिति में शनिवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रथम 'एमसीडी मिनी फुटबॉल लीग 2026' के भव्य समापन कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया।

उन्होंने बताया कि इस मिनी फुटबॉल लीग में इस वर्ष दिल्ली की 94 टीमों ने भाग लिया एवं लगभग 1400 से अधिक नन्हे खिलाड़ी मैदान में उतरे। प्रत्येक विजेता टीम को 1 लाख रुपए एवं उपविजेता 51 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दिए जा रहे हैं। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, खचाखच भरे स्टेडियम में समापन मैच दिल्ली नगर निगम के वेस्ट जोन और श्रेष्ठ एफसी टीमों के बीच खेला गया जिसमें श्रेष्ठ एफसी की टीम विजेता रही।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, हर्ष मल्होत्रा ने स्टेडियम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के 'खेलो इंडिया' विजन और 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' के अनुरूप शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का कहना है कि 'खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया'। मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि उभरते खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति और नौकरी मिले।

सीएम की आपत्तिजनक तस्वीर मामला : डीसीडब्ल्यू ने जरनैल सिंह को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष लता गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई कथित आपत्तिजनक एवं छेड़छाड़ की गई तस्वीर के मामले में शनिवार को स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले में डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष लता गुप्ता ने शनिवार को विधायक जरनैल सिंह को नोटिस जारी कर इस प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही उन्हें संबंधित तस्वीर तत्काल सोशल मीडिया से हटाने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए कहा है। वहीं लता गुप्ता ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर मामले में लागू कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। लता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। किसी महिला की तस्वीर के साथ डिजिटल माध्यम से छेड़छाड़ कर उसे आपत्तिजनक रूप में प्रसारित करना गंभीर विषय है। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार जवाबदेही तय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपमानजनक व्यवहार, उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार के मामलों में आयोग गंभीरता से संज्ञान लेता रहेगा और महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाता रहेगा।

आंगनबाड़ी केंद्र प्रारंभिक बाल विकास के लिए सामुदायिक स्वामित्व वाले संस्थानों के रूप में होने चाहिए विकसित : विजेंद्र

नई दिल्ली। आंगनबाड़ी केंद्र पोषण एवं प्रारंभिक बाल विकास के लिए सामुदायिक स्वामित्व वाले संस्थानों के रूप में विकसित होने चाहिए। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत रोहिणी के सेक्टर-8 स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी को सशक्त बनाने की शुरुआत जमीनी स्तर पर कार्यरत महिलाओं को सशक्त करने से होती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उन परिवारों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। उनके योगदान को केवल शब्दों में स्वीकार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा सार्थक सहयोग प्रदान करना आवश्यक है, जिससे उनकी दैनिक जिम्मेदारियां आसान हो सकें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्रीय कार्यों एवं दैनिक जिम्मेदारियों को सुगम बनाने के लिए बैग और आवश्यक किट वितरित की गईं। गुप्ता ने कहा कि ये अग्रिम पंक्ति की कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और पोषण संबंधी सहायता की आवश्यकता वाले परिवारों के लिए संपर्क का पहला माध्यम होती हैं। फील्ड किट वितरण का उद्देश्य विशेष रूप से घर-घर जाकर किए जाने वाले संपर्क, सामुदायिक पहुंच और जागरूकता अभियानों सहित उनके दैनिक कार्यों को सुगम बनाना तथा सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की उनकी क्षमता को सुदृढ़ करना है। गुप्ता ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में पोषण और विकास एक स्वस्थ एवं अधिक उत्पादक समाज की नींव रखते हैं। पोषण संबंधी लक्ष्यों को बेहतर ढंग से प्राप्त करने के लिए अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, परिवारों और स्थानीय समुदायों के बीच घनिष्ठ समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पर्याप्त संसाधन और संस्थागत सहयोग प्रदान करना कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच एवं प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पोषण अभियान के उद्देश्यों को पुनः रेखांकित किया गया, विशेष रूप से पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने, प्रारंभिक बाल देखभाल को सुदृढ़ करने और आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति सामुदायिक स्वामित्व एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।

डीटीसी ने मेधावी बच्चों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा आज आईपी डिपो में दिवाली मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीटीसी के चालक, परिचालक एवं अधिकारीगण तथा डीटीसी और परिवहन विभाग के बस कंसेशनायरों के चालक एक साथ एकत्रित हुए और उत्सव में भाग लिया। यह कार्यक्रम डीटीसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निहारिका राय, विश्वेंद्र, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम), आलोक कुमार, उप मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन), आस्था विश्वकर्मा, उप मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन), अमन देव छिकारा, उप मुख्य महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) तथा सुधीर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशासन) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीटीसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निहारिका राय ने डीटीसी में कार्यरत कर्मचारियों के 25 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इनमें कक्षा 10वीं के 15 तथा कक्षा 12वीं के 10 विद्यार्थी शामिल थे। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं उनकी पढ़ाई में सहयोग हेतु एक टैबलेट प्रदान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन डिपो को सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।



गांधी दर्शन में रंगों से साकार हुआ विकसित भारत का सपना: गोयल

'20 हजार से अधिक बच्चों ने एक साथ लिया भाग, विश्व रिकॉर्ड बनाने का दावा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी दर्शन परिसर में 'विकसित भारत पेंटिंग' प्रतियोगिता में 20 हजार से अधिक बच्चों और युवाओं ने भाग लेकर अपनी कल्पनाओं के रंगों से भविष्य के भारत की तस्वीर बनाई। आयोजकों ने इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के एक साथ पेंटिंग करने को विश्व रिकॉर्ड बनाने का दावा बताया है।

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से तीन उद्देश्यों को जोड़ा गया - महात्मा गांधी के विचारों से बच्चों को परिचित कराना, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता का संदेश देना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना। गोयल ने कहा कि आज बच्चों ने दिखाया कि उनके सपनों का भारत कैसा होगा। किसी ने स्वच्छ भारत बनाया, किसी ने हरा-भरा भारत, तो किसी ने विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ते भारत की तस्वीर उकेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प को विद्यार्थियों ने अपनी सोच और रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक अभय वर्मा, अजय महावर, अनिल गोयल और संजय गोयल, महापौर प्रवेश वाही तथा अनिल राजपूत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली, रविवार 1 नवंबर 2026



खाली वक्त न करें बर्बाद

ऐसे करें सदुपयोग लाइफ बनाएं हैप्पी

हालांकि आज के दौर में लोगों के पास खाली समय यानी स्पेयर टाइम बहुत कम ही बचता है। लेकिन जब भी ऐसा टाइम मिलता है तो लोग उसे अधिकतर वेस्ट ही कर देते हैं। अगर आप इस टाइम का सही तरीके से उपयोग करना सीख जाएं तो आपकी लाइफ हेल्दी-हैप्पी बन जाएगी। आप अपने स्पेयर टाइम को कैसे बेहतर तरीके से यूज कर सकते हैं, यहां दे रहे हैं आपके लिए बहुत उपयोगी सजेशंस।

{ कवर स्टोरी / रजनी अरोड़ा }

वर्तमान डिजिटलाइजेशन के दौर में कहने को किसी भी व्यक्ति के पास खाली समय नहीं होता है। हर कोई हमेशा व्यस्त दिखता है। व्यस्तता के बीच जब कभी खाली समय मिलता भी है तो अधिकतर व्यक्तियों को समझ ही नहीं आता कि वे अपने इस समय का किस तरह सही उपयोग करें? इसीलिए जैसे ही थोड़ा खाली समय मिलता है, मोबाइल हाथ में आ जाता है। रील्स स्क्रॉलिंग शुरू हो जाती है। इसके बादएक वीडियो, दूसरा, तीसरा वीडियो और देखते-देखते दिन के कई घंटे खर्च हो जाते हैं और पता ही नहीं चलता। फिर रात में सोते समय जब दिन भर के कामों को याद करते हैं तो वही पछतावा होता है, आज भी कुछ खास नहीं कर पाए। सारा दिन कैसे बीत जाता है पता ही नहीं चलता।

खाली समय है इंपॉर्टेंट: आप कितना भी व्यस्त रहें, दिन में कुछ खाली समय यानी स्पेयर टाइम तो बचता ही है। वर्किंग टाइम के सही उपयोग के साथ ही यह बात भी बहुत मायने रखती है और व्यक्ति का भविष्य, उसकी खुशहाली इस बात से तय होती है कि वह अपने खाली समय में क्या करता है? यानी अपने स्पेयर टाइम का वह कैसे यूटिलाइज करता है? जब व्यक्ति के पास थोड़ा भी खाली समय होता है तो वह बहुत मूल्यवान होता है, क्योंकि खाली समय ही इंसान को मजबूत बना सकता है या अंदर ही अंदर उसे खोखला कर सकता है। दोनों स्थितियां ही इस बात पर निर्भर करती हैं कि आप अपने स्पेयर टाइम को कैसे उपयोग करते हैं? खुशहाल जीवन जीने के लिए जरूरी है कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद मिलने वाले अपने खाली समय का यथासंभव बेहतर, सकारात्मक और रचनात्मक इस्तेमाल करें।

दिमाग को शांत करना सीखें: आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में अकसर इंसान को खुद नहीं पता होता कि वह आखिर भाग कहां रहा है? उसे पहुंचना कहां है? आंख खुलते ही मोबाइल पर नोटिफिकेशन चेक करने से शुरू होकर दिन-रात की भाग-दौड़ और तमाम तरह के काम। इसके चलते इंसान अपने अंदर की आवाज तक नहीं सुन पाता और पूरा दिन यूं ही गुजार देता है। लेकिन समझदार इंसान व्यस्त दिनचर्या के बावजूद कुछ समय निकालकर अंतर्मन की आवाज जरूर सुनता है। यही वो समय होता है, जब इंसान खुद को समझना शुरू करता है। उसे पता चलता है कि वह सच में चाहता क्या है? उसकी कमजोरी क्या है? उसकी असली ताकत क्या है? जो इंसान खुद को समझ जाता है, उसकी जिंदगी सहज और ज्यादा खुशहाल होती है। इसलिए हर व्यक्ति को खाली समय में कुछ देर खुद के साथ बैठना या कहें कि मी-टाइम बिताना चाहिए। शांत बैठकर अपने मन में झांकना चाहिए और उलझनों पर गौर कर उनका समाधान ढूंढना चाहिए। शुरुआत में अजीब लगेगा, बेचैनी होगी, लेकिन धीरे-धीरे निश्चय ही आपका आत्मविश्वास जागेगा।

लक्ष्यों को बार-बार याद करें: अधिकतर लोगों की मेहनत इसलिए सफल नहीं हो पाती क्योंकि उनका लक्ष्य दिमाग में स्पष्ट नहीं होता है। सफल होने के लिए मन में बार-बार लक्ष्य को याद करना भी जरूरी होता है। इसलिए खाली समय को बर्बाद करने के बजाय शांत बैठकर यह सोचना चाहिए कि आप जिंदगी में असल में चाहते क्या हैं, यानी आपका लक्ष्य क्या है? जब तक इंसान को अपनी मंजिल साफ नहीं दिखती, तब तक उसका दिमाग छोटी-छोटी बातों से भटक जाता है। इसलिए अपने लक्ष्य को मन में याद करना जरूरी है। रोज खुद को याद दिलाएं कि आप क्या करना चाहते हैं? कोई काम करना आपने क्यों शुरू किया था? इससे आपको आत्मबल और प्रेरणा मिलेगी। इससे आपके सफल होने की संभावना बहुत बढ़ जाएगी।

सीखें कोई स्पेशल स्किल: आज की दुनिया में सिर्फ मेहनती होना काफी नहीं हैं। आपमें कोई ऐसी स्पेशल स्किल भी होनी चाहिए, जो दूसरों से आपको अलग करे, जिसकी मार्केट में वैल्यू हो, डिमांड हो। लेकिन ज्यादातर लोग कोई स्किल सीखने के बजाय खाली समय यूं ही वेस्ट करते रहते हैं। उन्हें लगता है अभी तो बहुत उम्र पड़ी है, बाद में सीख लेंगे। यही सोच इंसान को असफल बना देती है।



अगर व्यक्ति हर दिन सिर्फ एक घंटा भी किसी स्किल को सीखने में खर्च करे तो एक-डेढ़ साल में ही वह वहां पहुंच सकता है, जहां पहुंचने के लोग सिर्फ सपने देखते हैं। अपनी पसंद और क्षमता के हिसाब से आप एआई हैंडलिंग, कम्युनिकेशन, वीडियो एडिटिंग, नई भाषा, क्रिएटिव राइटिंग, पब्लिक स्पीकिंग या फिर कोई और मनपसंद स्किल सीख सकते हैं। इसकी बदौलत आप भविष्य में शानदार कामयाबी पा सकते हैं।

रिश्तों को बनाएं मजबूत: यह नहीं भूलना चाहिए कि एक कामयाब व्यक्ति सिर्फ पैसा ही नहीं कमाता है, दूसरों का भरोसा भी कमाता है। वह सिर्फ अपने सपनों पर काम नहीं करता, अपने रिश्तों को भी मजबूत बनाता है। आखिर में जिंदगी की सबसे बड़ी दौलत बैंक बैलेंस नहीं, वे लोग होते हैं, जो हर परिस्थिति में आपके साथ खड़े रहते हैं। आज के डिजिटलाइजेशन के दौर में बेशक हम दुनिया से जुड़े हुए दिखते हैं। लेकिन सच यह है कि हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं। आभासी दुनिया में बेशुमार लोगों की पोस्ट देखते हैं, लेकिन महीनों तक अपने माता-पिता, भाई-बहन या किसी सच्चे दोस्त के साथ बैठकर दो बातें नहीं करते। जब जिंदगी में मुश्किलें आती हैं तो पैसा नहीं सबसे पहले अपने लोग काम आते हैं। इसलिए बहुत जरूरी है कि खाली समय में आप अपने रिलेटिव्स, फ्रेंड्स के साथ समय बिताएं। उनके दुख-सुख साझा करें, अपने मन की बात करें। हमेशा याद रखें कि रिश्ते पौधों की तरह होते हैं, अगर उन्हें समय पर पानी, खाद, धूप, छांव और प्रॉपर केयर नहीं मिलती, तो वो धीरे-धीरे सूखने लगते हैं और एक दिन इंसान सब कुछ हासिल करके भी अकेला रह जाता है। इसलिए खाली समय का सबसे बेहतर सदुपयोग अपने रिश्तों में गर्माहट लाने में किया जा सकता है।

स्वास्थ्य पर ध्यान दें: आज के दौर में लोग शारीरिक और मानसिक रूप से इसलिए बीमार रहते हैं क्योंकि उनकी जीवनशैली बहुत अस्त- व्यस्त हो चुकी है। रात भर जागना, घंटों मोबाइल देखना, कोई एक्सरसाइज न करना, कई घंटे बैठे रहना। इससे तन ही नहीं मन भी सुस्त और बीमार रहने लगता है। जब तन-मन स्वस्थ फिट महसूस करता है तो उसमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसके लिए बड़ा एथलीट बनने की नहीं, रोज अपने शरीर को थोड़ा एक्टिव रखने की जरूरत होती है। जब भी खाली समय मिले, अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार वॉकिंग, दौड़ना, एक्सरसाइज, योग या सुबह की धूप में कुछ देर रहना फायदेमंद है। स्पेयर टाइम में की गई आपकी ये एक्टिविटीज आपको हेल्दी ही नहीं हैप्पी भी बनाएंगी। *

उम्र कितनी भी हो जाए आप हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रह सकते हैं। इसके लिए आपको बस अपनी सोच और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की जरूरत होती है। कई स्टडीज के आधार पर बता रहे हैं, बढ़ती उम्र में कैसी हो आपकी लाइफस्टाइल, जानिए



बढ़ती उम्र में भी रहेंगे हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक

{ लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन }

उम्र का बढ़ना प्रकृति का शाश्वत नियम है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ जीवन जीने की खुशियां कम नहीं होनी चाहिए। किसी ने क्या खूब कहा है- वक्त की हर एक करवट को मुस्कुरा कर पार कर। उम्र ढलती है तो ढल जाए, तू दिल से प्यार कर। बालों की सफेदी, चेहरे की झुर्रियां और बढ़ती उम्र की गिनती, भले समय के गुजरने का संकेत दें, लेकिन मन का उत्साह, सीखने की ललक, प्रेम करने की क्षमता और सपने देखने का अधिकार, उम्र के मोहताज नहीं होते हैं। असली चुनौती अधिक वर्ष जीने की नहीं, बल्कि उन वर्षों को बेहतर ढंग से जीने की होती है।

शरीर बना रहे सक्रिय: सेवानिवृत्ति या उम्र बढ़ने का अर्थ यह नहीं कि शरीर को आराम कुर्सी सौंपकर स्वयं जीवन से छुट्टी ले ली जाए। नियमित पैदल चलना, अपनी क्षमता के अनुसार व्यायाम, हल्की शक्ति-वर्धक गतिविधियां और संतुलन के अभ्यास शरीर को चुस्त रखने में सहायक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी वृद्धावस्था में शारीरिक सक्रियता को स्वस्थ जीवन का महत्त्वपूर्ण आधार मानता है। 2025 में द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में 13 वर्षों तक किए गए एक अध्ययन के आधार पर प्रकाशित रिपोर्ट में 11,804 वृद्ध प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें शारीरिक गतिविधि, संतुलित जीवनशैली और अनुकूल सामाजिक परिस्थितियों का जीवन की अवधि से संबंध पाया गया। इसलिए उम्र के अनुसार चलना, सीढ़ियां चढ़ना, बागवानी करना या योगाभ्यास करना लाभकारी हो सकता है।

लगातार सीखते रहिए: नई भाषा सीखना, संगीत का अभ्यास करना, मोबाइल की नई सुविधाएं समझना, चित्रकारी करना या किसी विषय पर पढ़ना



मस्तिष्क को सक्रिय रखने के प्रभावी तरीके हैं। सीखने का उद्देश्य जीवन में नवीनता और जिज्ञासा बनाए रखना होता है। याद रखिए, सीखने में संकोच, उम्र को बोझ बनाता है, जबकि जिज्ञासा उसे रोमांचक बना देती है।

रिश्तों में बनी रहे गर्माहट: पैसा, पद और प्रतिष्ठा जीवन को सुविधाजनक बना सकते हैं, लेकिन अकेलेपन को हमेशा दूर नहीं कर सकते। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में किए गए स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट, कई दशकों से लोगों के जीवन और खुशहाली का अध्ययन करता रहा है। इसके निष्कर्षों पर आधारित रॉबर्ट वाल्डिंगर और मार्क शुल्ज की बेस्टसेलर पुस्तक 'द गुड लाइफ' बताती है कि अच्छे संबंध सुखी और स्वस्थ जीवन के महत्त्वपूर्ण आधारों में शामिल हैं। इसलिए बच्चों से बात कीजिए, मित्रों-रिश्तेदारों से मिलिए, जीवनसाथी के साथ चाय पीते हुए बातें कीजिए और पड़ोसियों से आत्मीयता बनाए रखिए। इससे रिश्तों में गर्माहट बनी रहेगी।

अनुभवों से उठाएं लाभ: जीवन के उत्तरार्द्ध में आपके पास अनुभवों का वह खजाना होता है, जिसे कोई विद्यालय या विश्वविद्यालय नहीं दे सकता। अपने पेशे में नए लोगों का मार्गदर्शन कीजिए, बच्चों को कहानियां सुनाइए, अपने अनुभव लिखिए या किसी सामाजिक संस्था से जुड़िए। मनोविज्ञान विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार सीखते रहने से व्यक्ति के भीतर जीवन के प्रति रुचि बनी रहती है।

नियमित कराएं स्वास्थ्य जांच: उम्र बढ़ने पर स्वास्थ्य की देखभाल केवल बीमारी होने पर अस्पताल जाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित स्वास्थ्य-जांच और डॉक्टर की सलाह से दवाएं लेना जरूरी है। भोजन में सब्जियां, फल, दालें, साबुत अनाज,



पर्याप्त प्रोटीन और उपयुक्त मात्रा में पानी शामिल करें। नमक, अतिरिक्त चीनी और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

उम्र की तुलना न करें: कोई सत्तर वर्ष की उम्र में पहाड़ चढ़ रहा है, कोई साठ वर्ष में नई नौकरी शुरू कर रहा है और कोई अस्सी वर्ष में केवल अपने बगीचे की देखभाल करके संतुष्ट है। हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, परिस्थितियां, आर्थिक स्थिति और रुचियां अलग हैं। इसलिए दूसरे की सक्रियता को देखकर स्वयं को असफल न मानें। यदि पहले आप एक किलोमीटर चलते थे और अब पांच सौ मीटर चल पाते हैं, तो अपनी वर्तमान क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कीजिए। आवश्यकता पड़ने पर लक्ष्य बदलना हार नहीं, समझदारी है।

जीवन में बनाए रखें उत्सवधर्मिता: त्योहार मनाने, अच्छे कपड़े पहनने, मित्रों को घर बुलाने, संगीत सुनने, धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेने और हंसी-मजाक करने के लिए किसी खास उम्र की जरूरत नहीं होती। अपनी रुचि के अनुसार प्रार्थना, ध्यान, प्रकृति के बीच समय बिताना या सेवा-कार्य अपनाइए। हास्य जीवन की कठिनाइयों से निपटने की हमारी क्षमता को सहारा दे सकता है। स्वयं की छोटी-मोटी भूलों पर मुस्कराना सीखिए। बच्चों और युवाओं के साथ समय बिताइए। *



{ गजल / अब्दुल कलाम }

तबाह की हमने

कैसे कैसों से निबाह की हमने
रातें पुरनम की सियाह की हमने
एक पत्थर से दिल लगाया
जिंदगी अपनी तबाह की हमने
आलम ए बेहोशी का दौर रहा
उनके रुख जो निगाह की हमने
उनके सितम सर-आंखों पे लिए
जिनसे रस्म ओ राह की हमने
उसने कांधों पे जब भी हाथ रखा
फिर न जहां की परवाह की हमने
जख्म नासूर बनकर रिसते रहे
कसम खुदा की न आह की हमने

{ व्यंग्य / डॉ. मुकेश 'असीमित' }

दीवाली ऑफर!



दीवाली नजदीक आ गई है। इसका पता मुझे कैलेंडर देखकर नहीं, बल्कि तब चला, जब बाजार बिन बुलाए मेहमान की तरह मेरे दरवाजे पर दस्तक देने लगा। नून-तेल से लेकर कंघी बेचने वाली कंपनियां मेरी दीवाली यादगार बनाने के लिए मुझ पर सवार हो रही हैं। कोई एक पर एक फ्री दे रहा है, कोई एक पर दो। मेरी जेब की हालत-ए-सूरत समझकर कोई लोन देने को तैयार है, कोई ईएमआई की सुविधा दे रहा है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान करूं तो अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। इतनी निःस्वार्थ सेवा देखकर लगता है, देश में परोपकार अभी जीवित है।

कोई कंपनी नकली मावे और यूरिया युक्त मिठाइयों से मेरा मुंह मीठा कराना चाहती है। कोई मेरे फटे जूते बदलने को आतुर है, तो कोई मुझे नए कपड़े पहनाना चाहती है। मेरी इतनी फिक्र तो बचपन में मां ने भी नहीं की और शादी के बाद पत्नी ने भी नहीं।

हद तो तब हो गई, जब एक कंपनी ने मेरी ओर से खुद ही ऑर्डर दे दिया। एक रोज अचानक फोन आया, 'सर, आपका ग्यारह सौ रुपए का पार्सल है। कहां डिलीवर करना है?'

मैंने पूछा, 'मैंने क्या मंगवाया है?'

'सर, जूते लग रहे हैं।' उसने जवाब दिया।

मैंने पत्नी से पूछा, 'तुमने जूते मंगवाए क्या?'

वे भड़क गईं, 'पागल हो गए हो? अभी पुराने जूते इतने भी पुराने नहीं हुए। दीवाली के बाद आफ्टर सेल लगेगी, तब देखेंगे। जरूर तुमने खुद मंगवाए होंगे। मुझे बुद्धू बना रहे हो!'

मैं चुपचाप खिसक लिया। सोचने लगा, जिन जूतों के लिए पत्नी दो दीवाली से मुझे टरका रही है, उनकी चिंता किसी अनजान कंपनी को है! आखिर उसे पता कैसे चला कि मेरे जूते फट गए हैं?

श्रीमती जी का तर्क है कि मुझे नई-पुरानी चीजों में अंतर समझ नहीं आता, इसलिए मेरे लिए कुछ बदलने का लाभ नहीं। बात सही है। जब पति का पच्चीस साल पुराना मॉडल बिना बदले चल रहा है, तो जूतों को बदलने की क्या आवश्यकता? बेचारी पत्नी भी क्या करे! बाजार में कपड़ों, जूतों और मोबाइल के एक्सचेंज ऑफर हैं, पति के नहीं। इस मामले में कंपनियां भी हाथ खड़े कर चुकी हैं।

खैर, मुझे लगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता इतनी विकसित हो गई है कि कंपनियां ग्राहक की जरूरत उससे पहले जान लेती हैं। ऊपर से कैश ऑन डिलीवरी की सुविधा! पहले सामान पकड़िए, फिर पैसे दीजिए। विश्वास की इससे बड़ी मिसाल क्या होगी? मैंने ग्यारह सौ रुपए चुकाए और पैकेट लेकर मुस्कुराता पत्नी के सामने पहुंचा, 'देखो, जिन जूतों के लिए तुमसे दो साल गुहार लगाई, वह कंपनी ने सुन ली!' पत्नी कभी मुझे देखतीं, कभी पैकेट को। मैंने गर्व से पैकेट खोला। अंदर एक जूता था। सिर्फ एक! वह भी दाएं पैर का। पत्नी चिल्लाईं, 'हे भगवान! दूसरा कहां है?' मैंने जूते को गौर से देखा। उसकी हालत ऐसी थी, मानो किसी मंदिर के बाहर से उठाकर भेज दिया गया हो।

अब संभावनाएं अनेक थीं। शायद कंपनी समझती हो कि मेरा बायां पैर नहीं है। संभव है, दूसरा जूता अभी निर्माणाधीन हो। हो सकता है, किसी दूसरे ग्राहक को भेज दिया गया हो। यह भी संभव है कि डिलीवरी बॉय को दूसरा जूता पसंद आ गया हो।

फिर विचार आया, कहीं कंपनी ने जूता पहनने के बजाय चलाने के लिए तो नहीं भेजा? या जूते खाने के लिए? मन आशंकाओं का कारखाना है, उत्पादन कभी बंद नहीं होता। बिल पर दिए नंबर पर फोन लगाया। व्यस्त मिला। अच्छी कंपनियों के फोन व्यस्त ही रहते हैं। आखिर मेरे जैसे हजारों ग्राहकों की सेवा का भार जो है! अब तीन दिन से फोन मिला रहा हूं। कंपनी शायद दूसरे ग्राहकों की दीवाली यादगार बनाने में व्यस्त है। मैं आशावादी आदमी हूं। उम्मीद है, अगली दीवाली तक दूसरा जूता भी आ जाएगा। तब तक पहला सुरक्षित रखूंगा।

इधर दूसरी कंपनियां भी पीछे पड़ी हैं। कोई घड़ी भेजना चाहती है, कोई परफ्यूम, कोई हेयर ड्रायर। मैं साहित्यिक पत्रिका के संपादक की तरह सबके प्रस्ताव खेद सहित अस्वीकार कर रहा हूं। उनके प्रेम को ठुकराते हुए दुःख अवश्य होता है। लेकिन जिस कंपनी ने सबसे पहले मुझसे प्रेम किया, उसे जीवन भर नहीं भूलूंगा। आखिर पहला प्यार, पहला ही होता है जी! बस फर्क इतना है कि इस प्रेम में दिल नहीं, दाएं पैर का जूता मिला है। *

{ लघुकथा / कृति आर. के. जैन }

अपूर्ण विराम

नगर निगम का बुलडोजर ठीक आठ बजे पहुंचा। भीड़ तमाशा देखने खड़ी थी, पर एक बूढ़ा आदमी अपनी किताबों की जर्जर दुकान के सामने निर्विकार बैठा था। अधिकारी ने कहा, 'बाबा, हट जाइए। आधे घंटे में सब मलबा हो जाएगा।'

बूढ़ा मुस्कुराया, 'चालीस साल पहले भी यहां मलबा था, तब मैंने ईंटें नहीं, किताबें रखी थीं।'



एआई इमेज

बुलडोजर गरजा। लकड़ी की अलमारियां बिखर गईं। धूल का गुबार उठा। लोग मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगे। तभी पास से एक छोटी बच्ची दौड़ती हुई आई। उसके हाथ में धूल से सनी एक कहानी की किताब थी। उसने कांपती आवाज में पूछा, 'दादाजी, यह दुकान फिर खुलेगी न? मैंने अभी यह किताब पूरी नहीं पढ़ी।'

बूढ़े ने किताब ली। उस पर जमी धूल धीरे-धीरे फूंककर हटाई, जैसे किसी बच्चे के माथे से उदासी हटा रहा हो। फिर बोला, 'दुकानें टूटती हैं बिटिया, कहानियां नहीं।' अगली सुबह उसी टूटी हुई जगह पर एक पुरानी चादर बिछी थी। उस पर वही किताबें फिर सजी थीं और सबसे ऊपर एक कागज रखा था, जिस पर लिखा था, 'कल दीवारें गिर गई थीं, आज हिम्मत ने फिर दुकान खोल ली है।' उस दिन लोगों ने वहां से किताबें कम खरीदीं, उम्मीदें ज्यादा ले गए। *

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

जगजीत सिंह की जीवनी



गजल गायकी के सम्राट कहे जाने वाले जगजीत सिंह ने देश ही नहीं पूरी दुनिया में भरपूर मकबूलियत हासिल की। लेकिन अपनी आवाज से लाखों-करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले जगजीत का जीवन नाम-शोहरत की चकाचौंध के साथ ही कई चुनौतियों और दुखों से भी भरा रहा। उनके जीवन के तमाम स्याह और चमकदार पक्षों को सामने लाती है, हाल में छपकर आई किताब 'जगजीत (जिंदगी का सफर)', जिसके लेखक हैं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार शुक्ला। कुल दस अध्यायों में विभाजित इस किताब में उनके जन्म से लेकर अंतिम सांस लेने तक के जिंदगी के सफर को संक्षिप्त तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कैसे वे शुरुआती दौर में डांस किया करते थे, किस तरह गायन के क्षेत्र में पदार्पण किया, कैसे गजल गायकी में आगाज किया, किस तरह संयोग से चित्रा दत्ता से मुलाकात हुई, फिर कैसे वे जगजीत की जीवन और गायन संगिनी बनीं? ऐसे ही जगजीत सिंह के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को लेखक ने इस किताब में संजोया है। कह सकते हैं यह किताब गीत-संगीत को समर्पित एक सुर साधक की जीवन-साधना को बहुत मार्मिकता से व्यक्त करती है। *

पुस्तक: जगजीत (जिंदगी का सफर),
लेखक: प्रदीप कुमार शुक्ला, मूल्य: 245 रुपए,
प्रकाशक: इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में 2 कर्मचारी गिरफ्तार



फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चोरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिस पर सेक्टर-10 निवासी एक व्यक्ति की कंपनी से स्टील की कोईल चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने कंपनी के 2 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। पहचान दीपक निवासी अलीगढ उत्तर प्रदेश व प्रदीप वासी इस्माइलपुर फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी संजय कालोनी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी एक कंपनी है जो सरफेस फिनिशिंग का काम करती है 25 अक्टूबर को उसके कंपनी में ही काम करने वाले 2 कर्मचारियो ने एक स्टील की कोईल चोरी कर ली।

फोन चोरी करने वाला आरोपी धराया



फरीदाबाद। दुकान से फोन चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने लवीश कुमार निवासी भारत कालोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार इरशाद निवासी संतनगर फरीदाबाद ने थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 25 अक्टूबर की रात को एक लडका उसकी दुकान में आई-फोन लेने आया था जो भीड का फायदा उठाकर फोन चोरी कर वहां से भाग गया। जिस संबंध में थाना एनआइटी में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी को आई फोन रखने का शौक था। जिसके लिए 25 अक्टूबर को वह शिकायतकर्ता की फोन की दुकान में गया और भीड का फायदा उठाकर आई फोन चोरी कर वहा से भाग गया।

विधायक शर्मा ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

अटल पार्क के कायाकल्प पर खर्च होंगे 2 करोड़ 70 लाख रुपए

पार्क में बनेगा आधुनिक सिंथेटिक ट्रैक, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भी होगी स्थापित

हरीभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ के सेक्टर-2 स्थित अटल पार्क को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि से सौंदर्यकरण और विकास कार्य कराए जाएंगे। विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने शनिवार को विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्क में आधुनिक सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा, जिससे सुबह-शाम टहलने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही पार्क में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्क का व्यापक स्तर पर सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने।



पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया

पार्क में हरियाली, सुंदरता और बेहतर सुविधाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि शहरवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शहरवासियों का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास के पार्कों का ख्याल रखें और पौधारोपण कर पर्यावरण में सहभागिता करें। इस मौके पर उन्होंने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता संदीप दहिया, एसडीओ राजेंद्र सिंह, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पूर्व चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, चेयरमैन संजीव बैंसला, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, पार्षद सोनू वैष्णव, पार्षद रवि भगत, स्वराज भाटी, बुद्धा सेनी, सुषमा यादव, देवदत्त शर्मा, योगेंद्र प्रधान, राजेश रावत, तेजपाल मास्टर, जगदीश मास्टर, कैलाश वशिष्ठ, जयपाल शास्त्री, संदीप चौधरी, संदीप चाहर, पुष्पा शर्मा, टीना पाराशर, राजकुमार शर्मा, सतीश शर्मा, सुनील कौशिक, के.ए. वशिष्ठ, रमेश भारद्वाज, सुनील वशिष्ठ, कौशल शर्मा, पीएल शर्मा, रामकिशन प्रधान, रविंदर वैष्णव, रामकिशन बाली एसहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दो दिवसीय महिला सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

पांचवीं सांसद खेल प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया दमखम

खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन करने का किया आह्वान:कृष्णपाल गुर्जर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित हो रही हैं सांसद खेल प्रतियोगिताएं, लगभग 1500 खिलाड़ियों की ऐतिहासिक भागीदारी

हरीभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में आयोजित की जा रही सांसद खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कस्बों और दूरदराज के इलाकों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, जिन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर नहीं मिल पाता। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित आयोजित पांचवीं सांसद खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाडियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस वर्ष बेटियों और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को बेटियों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

खास बातें

- प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाशील खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना
- खेल परिसर में आयोजित पांचवीं सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



सभी उद्योगपतियों का आभार व्यक्त किया

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी बेटियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। उनका लक्ष्य केवल जिला या लोकसभा स्तर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि भविष्य में हरियाणा और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना होना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, उपायुक्त आयुष सिन्हा, खेल विभाग, संबंधित एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों की सराहना की। साथ ही आयोजन में सीएसआर के माध्यम से सहयोग देने वाले फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और सभी उद्योगपतियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न टीमों द्वारा उत्साहपूर्वक मार्च पास्ट के जरिए अपने जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित समस्त खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने एवं खेल भावना को जीवन में अपनाने की शपथ भी दिलाई।

महोत्सव में विधायक एवं पूर्व मंत्री उपस्थित रहें

विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, उपायुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि, बड़खल एसडीएम त्रिलोक चंद, फरीदाबाद एसडीएम डॉ हनी बंसल, खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राम मेहर, पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योगपति, खिलाड़ी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खेल मानसिक विकास और अनुशासन के लिए भी बेहद जरूरी

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और हरियाणा सरकार की खेल नीतियों के परिणामस्वरूप भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉमनवेल्थ, एशियन और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पैरा खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विशेष रूप से बेटियों ने हॉकी, क्रिकेट और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन के लिए भी बेहद जरूरी हैं। हरियाणा को खेलों की खान बताते हुए उन्होंने कहा कि देश द्वारा जीते जाने वाले कुल पदकों में हरियाणा के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक रहती है।

सम्मेलन में लगभग 1200 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन के पहले दिन 58 जोड़ों ने विवाह के लिए सहमति जताई



सम्मेलन में दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए एक सराहनीय कदम

हरीभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद रजि. का 26वां दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का पहला दिन बड़ी धूमधाम मनाया गया।

प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 1200 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। परिचय सम्मेलन के पहले दिन 58 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई। वहीं सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, अन्य कई प्रकार की प्रोफेशनल डिग्री वाले युवक एवं युवतियां, टीचर, व्यापारी, अपाहिज, विधवा, तलाकशुदा, पढ़े-लिखे, विकलांग व अनपढ़, नौकरी करने वाले युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को चुनने की गुजारिश की। परिचय सम्मेलन में अन्य राज्यों से आए हुए युवक-युवती व उनके परिवार वालों को धर्मशाला में रूकने व उनके भोजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा करवाई गई। ये सर्वजातीय परिचय सम्मेलन दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए एक सराहनीय कदम है।

वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलाई शपथ

सरदार पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया: केंद्रीय मंत्री

हरीभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

लौहपुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि एवं नमन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश की विभिन्न



रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। अंग्रेजों द्वारा भारत को विभाजित कर खंडित रखने के प्रयासों को सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ और कुशल रणनीति से विफल किया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक राष्ट्र के रूप में जुड़े हुए हैं।

राज्यमंत्री गुर्जर को पौधा भेंट कर अभिनंदन किया

इस अवसर पर उपायुक्त आयुष सिन्हा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद् चेयरमैन विजय सिंह, पुलिस आयुक्त सत्येंदर कुमार गुप्ता, डीसीपी हिमाद्री कौशिक, एसडीएम फरीदाबाद डॉ. हनी बंसल, नगराधीश अंकित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विकसित हरियाणा के साथ सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दे: सीएम सैनी

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर दिया एकता और अखंडता का संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों से विकसित हरियाणा के साथ-साथ सशक्त और एकजुट भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी संदेश को आगे साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें तथा अफवाहों और भेदभाव को बढ़ावा देने वाली बातों से बचें। उन्होंने कहा कि युवाओं के छोटे-छोटे जिम्मेदार कदम समाज में विश्वास और सद्भाव को बढ़ावा दे सकते हैं।मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एचएसवीपी शिवालिक कंट्री क्लब, एमडीसी, सेक्टर-1, पंचकूला में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।



'रन फॉर यूनिटी' पर मुख्यमंत्री ने की पुष्प वर्षा

इससे पहले उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन पर पुष्प वर्षा की और स्वयं भी 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभक्ति के उत्साह और भारत की एकता के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ आयोजित इस दौड़ का संदेश पूरे देश में जाएगा कि हम सब एक हैं और भारत की एकता एवं अखंडता को सदैव अक्षुण्ण रखेंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के समय भारत के सामने अनेक चुनौतियां थीं। देश विभाजन की पीड़ा से गुजर रहा था और सैकड़ों रियासतों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरोने का कठिन दायित्व सामने था। स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने अपनी दूरदृष्टि, संवाद कौशल और दृढ़ इच्छाशक्ति से 560 से अधिक रियासतों के एकीकरण में निर्णायक भूमिका निभाई।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.PC देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मृणाल शर्मा पुत्र श्री जितेंद्र शर्मा, निवासी 167, जावरा कंपाउंड, अग्रवाल नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश** ने केस एफआईआर सं./सीसी सं. **513/25 अन्तर्गत धारा 318/316/336/340 भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना पटेल नगर, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृणाल शर्मा** मिल नहीं रहे/रही हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मृणाल शर्मा** फरार हो गये/गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा अभियुक्त व्यक्ति की उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं./सीसी सं. **513/25 अन्तर्गत धारा 318/316/336/340 भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना पटेल नगर, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मृणाल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति चौधरी
एलडी अति. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
(पश्चिम), कमरा नं. 145, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13823/CD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (i) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंगल पुत्रः** विनोद शाह, **निवासः** म.नं. C-217, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली ने **FIR No. 643/25 दिनांकः 15.07.2025 U/s 304(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मंगल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मंगल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 643/25 दिनांकः 15.07.2025 U/s 304(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **मंगल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार साहिल गुप्ता
जेएमएफसी-07, कमरा नं. 06
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14551/ON/2026
(Court Notice)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भारत पुत्र नौबत राम निवासी झुग्गी नंबर 05 रेनीवाल कुआं दिल्ली जल बोर्ड के पास, अक्षरधाम मंदिर और चिल्ला गांव मयूर विहार–1, दिल्ली** ने **FIR No. 437/2015 U/S 379/356/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 437/2015 U/S 379/356/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भारत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री आशीष कुमार मीना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
द्वितीय तल शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर, दिल्ली

DP/14395/ED/2026(Court Matter)

रिपोर्ट में हुआ खुलासा: 12 में से 10 कंपनियों ने अपने समग्र स्कोर में सुधार किया

म्यूचुअल फंड उद्योग में ईएसजी और जिम्मेदार निवेश के दावों की खुली पोल

जलवायु जोखिम पर म्यूचुअल फंड कंपनियों की लापरवाही 80 फीसदी से अधिक निवेश संपत्तियों का नहीं हो रहा आकलन

हरीभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में ईएसजी और जिम्मेदार निवेश के दावों की पोल खुल गई है। देश की 80 फीसदी से अधिक म्यूचुअल फंड संपत्तियों का प्रबंधन करने वाली 12 बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनियां अब तक अपने निवेश पोर्टफोलियो का जलवायु जोखिम आकलन नहीं कर रही हैं। लगातार दूसरे साल सभी 12 कंपनियों को जलवायु परिदृश्य विश्लेषण में शून्य अंक मिले हैं।

क्लाइमेट रिस्क होराइजन्स की रिस्किंग अल्फा-2 रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 में से 10 कंपनियों ने अपने समग्र स्कोर में सुधार किया है, लेकिन जलवायु जोखिम के मोर्चे पर स्थिति जस की तस है। यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी 12 अंकों के साथ पहले और एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट 11 अंकों के साथ



दूसरे स्थान पर रहा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एचडीएफसी, निप्पॉन लाइफ इंडिया, कोटक महिंद्रा और डीएसपी एसेट मैनेजर्स 10-10 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। एक्सिस, मिराए एसेट, टाटा और बंधन ने भी तीन-तीन अंकों का सुधार किया।

दिल्ली की लोकतंत्र बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस ने गुरुग्राम में बनाई रणनीति

हरीभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पूर्व सांसद एवं गुरुग्राम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राज बब्बर ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि जब उनकी अपनी ही पार्टी में कोई इज्जत नहीं है तो उनसे क्षेत्र के विकास और जनता के हितों की लड़ाई लड़ने की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राव इंद्रजीत सिंह खुद सार्वजनिक कार्यक्रम में स्वीकार कर चुके हैं कि भाजपा के बड़े कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित तक नहीं किया जाता।

राज बब्बर शनिवार को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर गुरुग्राम में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज बब्बर ने कहा कि जब सत्ताधारी दल में एक केंद्रीय मंत्री को ही उचित सम्मान नहीं मिल रहा तो क्षेत्र के अधिकारों की पैरवी कैसे होगी। उन्होंने भाजपा के कांग्रेस और राहुल गांधी

राज बब्बर ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



पर लगाए जा रहे आरोपों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपना राजनीतिक इतिहास देखना चाहिए। मुताबिक, 2013-14 में भाजपा ने भी कथित घोटालों के मुद्दे पर माहौल बनाकर सत्ता हासिल की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली विपक्षी इंडिया गठबंधन की एकजुटता और संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देगी।

**इजराइल के हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में त्रिशंकु संसद के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। उधर, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे मिड-टर्म चुनाव उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। वहां शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

इजराइल : सत्ता से बेदखल हो सकते हैं नेतन्याहू




विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे।

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव परिणाम में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी तो केवल 27 सीटों पर सिमट कर रह गई है और उनके नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन भी इजराइली संसद में केवल 53 सीटें ही हासिल कर पाया। उल्लेखनीय है कि चार वर्ष पहले सन् 2022 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीटें हासिल हुई थी और नेतन्याहू के नेतृत्व में उनके राजनीतिक गठबंधन ने 64 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई थी। 2022 के संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री येअर लेपिड के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन को केवल 51 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। वर्ष 2026 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। संसदीय चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। जनरल आइजनकोट की कमान में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को 48 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई है। अत्यंत विस्मयकारी रूप से इजराइल की अरब पार्टियों को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई है। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव में अरब पार्टियों को केवल 10 सीटें प्राप्त हुईं।



इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां

मध्य पूर्व में मौजूद शाही सामंती सरकारों के मध्य स्थापित इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां सदैव उपस्थिति रहती हैं। ऐतिहासिक तौर पर दृष्टि डाली जाए तो 1948 में अपने स्थापना काल से आज तक इजराइल में किसी भी एक राजनीतिक पार्टी की हुकूमत अस्तित्व में नहीं आ पाई। मैडम गोल्डा मायर जैसी अत्यंत लोकप्रिय लीडर को भी इजराइली संसद में केवल 56 सीटें हासिल हो पाई थीं। किसी भी राजनीतिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत न मिल पाने के कारण वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के मध्य इजराइल में पांच बार संसदीय चुनावों का आयोजन करना पड़ा था। इजराइल की तकरीबन एक करोड़ आबादी में छियत्तर लाख मतदाता हैं। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव के पश्चात इजराइल में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के राजनीतिक गठबंधन की सरकार का गठन किया जा सका, जिसने अपना चार वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। प्रबल प्रश्न है कि क्या विपक्षी गठबंधन नेतन्याहू को राजसत्ता से बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ मिलकर हुकूमत निर्मित करने का जोखिम लेगा, जिनका वह विरोधी रहा है। प्रबल वामपंथी लीडर यायर गोलान ने कहा है कि राजसत्ता से नेतन्याहू को बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की पेशकश की है और कहा है कि यहूदियों और अरबों के मध्य धार्मिक और नस्लवादी मतभेदों को अब तो इजराइल में गहरा दफन कर देना चाहिए। वामपंथी लीडर यायर गोलान की पेशकश को यदि आइजनकोट का राजनीतिक गठबंधन स्वीकार कर लेता है तो फिर यकीनन नेतन्याहू इजराइल के अगले प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे।

अरब पार्टियों को फंडिंग

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संगीन इल्जाम आयद किया है कि इजराइल विरोधी शक्तियों द्वारा चुनाव में उनकी प्रबल विरोधी अरब पार्टियों को जबरदस्त फंडिंग की गई है और अरब पार्टियों द्वारा संसदीय चुनाव को चोरी कर लिया गया है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने भी अपने बयान में इल्जाम लगाया कि मतदाताओं को बरगलाने और आकर्षित करने के लिए रिश्वतखोरी, हिंसा, धोखाधड़ी और प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। हालांकि इस संगीन इल्जामात को सिद्ध करने के लिए कोई पुख्ता प्रमाण नेतन्याहू और लिकुड पार्टी द्वारा अभी तक पेश नहीं किए गए हैं। नेतन्याहू के इल्जामात पर इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बाकायदा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इजराइल की केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने फरमाया है कि संसदीय चुनाव की निष्पक्षता के व्यवस्थित उल्लंघन के इल्जामात को साबित करने के लिए किसी किस्म के ठोस और पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अतः केंद्रीय चुनाव समिति के महानिदेशक द्वारा इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया है। इजराइल के संसदीय चुनाव के अंतिम परिणाम प्राप्त हो जाने के तत्पश्चात हुकूमत निर्मित करने के सिर्फ तीन संभावित विकल्प दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

तीन संभावित विकल्प

प्रथम संभावित विकल्प है कि बेंजामिन नेतन्याहू और जनरल आइजनकोट के संयुक्त नेतृत्व में इजराइल में एक राष्ट्रीय सरकार का गठन किया जा सकता है। दूसरा विकल्प है कि नेतन्याहू के नेतृत्वकारी गठबंधन के साथ जनरल आइजनकोट के विपक्षी गठबंधन से पृथक होकर कुछ पार्टियां नेतन्याहू के नेतृत्व में राजनीतिक गठबंधन सरकार में शामिल हो सकती हैं। तीसरा संभावित विकल्प है कि जनरल आइजनकोट के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को अरब पार्टियों को समर्थन प्राप्त हो सकता है और जनरल आइजनकोट इसराइल के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल की कुल आबादी में तकरीबन बीस फ़ीसदी आबादी अरब नागरिकों की है। अरब आबादी में मुख्यतः मुसलमान और ईसाई हैं। आश्चर्यजनक तौर पर इस चुनाव में अरब पार्टियों को तकरीबन 15 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। चुनाव अभियान के दौरान नेतन्याहू और आइजनकोट के नेतृत्वकारी राजनीतिक गठबंधनों द्वारा अरब पार्टियों से अपनी राजनीतिक दूरी बाकायदा बरकरार बनाए रखी। चुनाव के बाद आए परिणामों ने सरकार के गठन करने की विवशता ने अरब पार्टियों को हुकूमत का गठन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है।

नीतिगत प्रश्नों पर रहे हैं मतभेद

नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित राजनीतिक गठबंधन और जनरल आइजनकोट की कयादत वाले राजनीतिक गठबंधन के मध्य अनेक नीतिगत प्रश्नों पर अत्यंत तल्ख और तनावपूर्ण मतभेद रहे हैं। अतः इस बात की संभावना अत्यंत क्षीण है कि दोनों राजनीतिक गठबंधन एकजुट होकर राष्ट्रीय सरकार का गठन कर सकेंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा अंजाम दिए गए घातक आक्रमण में तकरीबन 1200 से अधिक इजराइली नागरिक हलाक कर दिए गए थे और 251 को बंधक बना लिया था। गजा युद्ध में बड़े पैमाने पर इजराइल के रिजर्व सैनिक हताहत हुए थे। कट्टरपंथी यहूदियों का एक संप्रदाय हरेरी है, जिसकी कुल आबादी तकरीबन 15 फ़ीसदी है। यहूदी संप्रदाय हरेरी के युवाओं को अनिवार्य सैन्य सेवा से सदैव छूट हासिल रही है। पूर्णतः छूट के प्रश्न पर दोनों राजनीतिक गठबंधनों में गंभीर मतभेद विद्यमान हैं। जनरल आइजनकोट हरेरी संप्रदाय को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने के विरुद्ध हैं।यहूदियों के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के मध्य गहरी खाई सदैव विद्यमान रही है। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा कि संसदीय चुनाव में तकरीबन 78 प्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कहा जा सकता है कि इजराइल के जनमानस में सजग और जीवंत लोकतंत्र के लिए कितनी गहरी इच्छा शक्ति विद्यमान है।

मिड-टर्म का महासंग्राम ट्रंप के भविष्य पर सवाल



चुनाव

डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिकी राजनीति में मिड-टर्म यानी मध्यावधि चुनाव हमेशा से व्हाइट हाउस में बैठे राष्ट्रपति के कार्यकाल के लिए एक महत्वपूर्ण जनमत संग्रह माने जाते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे ये मिड-टर्म चुनाव केवल अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के नियंत्रण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। अमेरिकी कानून के तहत मिड-टर्म चुनाव अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 सीटों, सीनेट यानी अमेरिकी उच्च सदन की 100 में से 35 सीटों, 36 राज्यों में गवर्नर पदों के लिए हो रहे हैं। कई प्रांतों में राज्य विधानमंडलों, मेयरों और स्थानीय अधिकारियों के चुनाव भी शामिल हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव यह तय करेंगे कि डोनाल्ड ट्रंप अपने एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ा पाएंगे या उन्हें अपने कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में कांग्रेस के कड़े विरोध और नियंत्रण का सामना करना पड़ेगा। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है। यदि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव या सीनेट में बहुमत हासिल कर लेती है तो ट्रंप प्रशासन के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद कठिन हो जाएगा।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है।

इमिग्रेशन, कर कटौती और संघीय बजट जैसे अहम मुद्दों पर संसद का कड़ा विरोध उनका रास्ता रोकेगा। ट्रंप अगर कमजोर होते हैं तो उन पर महाभियोग और जांच का खतरा बढ़ जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी मिड-टर्म चुनावों में हारती है, विरोधी दल आक्रामक हो जाते हैं। यदि कांग्रेस पर विपक्ष का नियंत्रण होता है तो ट्रंप प्रशासन की नीतियों, कार्यकारी आदेशों और विदेश नीति के फैसलों के खिलाफ ताबड़तोड़ संसदीय जांच शुरू हो सकती है। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में अमेरिका केंद्रीय धुरी है। यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिड-टर्म चुनावों में पराजय का सामना करना पड़ता है तो इसका असर व्यापार, युद्ध और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर पड़ना लाजिमी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक स्तर पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ़ ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को हिलाकर रखा है। मिड-टर्म चुनावों में रिपब्लिकन्स की हार को अलोकप्रिय आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ जनता के गुस्से के रूप में देखा जाएगा। भले ही राष्ट्रपति ट्रंप के पास सीधे तौर पर ट्रेड टैरिफ लागू करने की कार्यकारी शक्तियां होती हैं, लेकिन संसद के दबाव और वैधानिक अवरोधों के कारण अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिससे वैश्विक बाजारों और मुक्त व्यापार समर्थकों को कुछ राहत मिल सकती है। वर्तमान में पश्चिम एशिया विशेषकर ईरान के साथ तनाव और सैन्य कार्रवाइयों के कारण वैश्विक तेल बाजार और अर्थव्यवस्था दबाव में हैं।

अमेरिकी जनता के एक बड़े वर्ग में इस बात की नाराजगी है कि इन विदेश नीतियों के कारण देश के भीतर जीवन स्तर महंगा हुआ है। जनता अगर रिपब्लिकन पार्टी को नकारती है तो अमेरिकी कांग्रेस युद्ध शक्तियों के प्रस्तावों के जरिए राष्ट्रपति के सैन्य हस्तक्षेप के अधिकारों पर लगाम कसने का प्रयास तेज कर देगी। इससे ईरान और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में अमेरिका की सैन्य आक्रामकता सीमित हो सकती है जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों को कुछ स्थिरता मिल सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका के रुख में नाटकीय बदलाव आए हैं और पारंपरिक यूरोपीय सहयोगियों के साथ दूरियां बढ़ी हैं। यदि डेमोक्रेट्स या ट्रंप विरोधी सांसद कांग्रेस में मजबूत होते हैं तो वे यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और आर्थिक सहायता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं। इससे यूरोपीय संघ (ईयू) और नाटो के भीतर यह संदेश जाएगा कि अमेरिकी लोकतंत्र में अभी भी पारंपरिक गठजोड़ और बहुपक्षवाद के समर्थक मजबूत हैं। हालांकि, वाशिंगटन के भीतर इस खींचतान से वैश्विक सुरक्षा नीति में अनिश्चितता और बढ़ सकती है। ट्रंप प्रशासन ने ग्लोबल वार्मिंग, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से दूरी बनाने या अमेरिका को समेटने की नीति अपनाई है। अमेरिकी मिड-टर्म चुनाव 2026 केवल घरेलू राजनीति का विषय नहीं हैं बल्कि यह इस बात का पैमाना है कि क्या दुनिया का सबसे ताकतवर देश एकांगी और राष्ट्रवादी मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा या बहुपक्षीय संतुलन की ओर लौटेगा। यदि इन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को बड़ा झटका लगता है तो यह उनकी अजेय छवि को खंडित करेगा और वैश्विक मंच पर अमेरिकी फैसलों का पूर्वानुमान दोबारा स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा राजनीतिक संदेश साबित होगा।

लूला की जीत से ब्रिक्स को मिलेगी निरंतरता



मंथन

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत में उनकी विजय को लेकर उत्साह अभूतपूर्व रहा है। लूला ने दक्षिणपंथी फ्लावियो बोल्सोनारो को शिकस्त दी। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया अमेरिकी दबदबे, चीन के बढ़ते प्रभाव और नए आर्थिक शक्ति केंद्रों के उभार के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही है, लूला की वापसी को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले बात ब्रिक्स की। लूला की जीत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय संदेश ब्रिक्स को लेकर है। ब्राजील इस संगठन का भारत के साथ संस्थापक सदस्यों में शामिल है। भारत, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर ब्राजील भी लंबे समय से इस बात की वकालत करता रहा है कि दुनिया की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में विकासशील देशों की भूमिका बढ़नी चाहिए। लूला ब्रिक्स को सिर्फ आर्थिक सहयोग का मंच नहीं मानते, बल्कि इसे वैश्विक व्यवस्था में संतुलन बनाने का जरिया भी मानते हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अमेरिका और यूरोप का दबदबा कम होना चाहिए और भारत, ब्राजील तथा दूसरे विकासशील देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यही वजह है कि उनकी जीत से ब्रिक्स की मौजूदा दिशा को निरंतरता मिलने की उम्मीद है। चुनाव प्रचार के दौरान फ्लावियो बोल्सोनारो ने ब्रिक्स में ब्राजील की सदस्यता पर दोबारा विचार करने की बात कही थी। इसके उलट लूला ब्रिक्स के साथ सहयोग बढ़ाने के पक्षधर हैं। लूला भारत के मित्र हैं और भारत आते रहे हैं। जाहिर है कि लूला कि विजय से भारत खुश है। भारत और ब्राजील दोनों ही विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंचों पर मजबूती से उठाने की बात करते हैं। लूला की वापसी से भारत-ब्राजील संबंधों में निरंतरता बनी रहनी तय है।

भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि ब्रिक्स जैसे मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग से विकासशील देशों की आवाज को और मजबूती मिल सकती है। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुश तो नहीं होंगे लूला की सफलता से। फ्लावियो बोल्सोनारो की जीत से वाशिंगटन को ब्राजील में एक ऐसा नेतृत्व मिल सकता था, जिसकी राजनीतिक सोच ट्रंप प्रशासन से ज्यादा मेल खाती। लेकिन लूला की जीत ने इस संभावना पर फिलहाल विराम लगा दिया है। लूला अमेरिका के विरोधी नहीं हैं, लेकिन वह अमेरिकी दबाव में विदेश नीति चलाने के पक्षधर भी नहीं हैं। उनका जोर इस बात पर रहता है कि ब्राजील अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से फैसले करे। वह अमेरिका के साथ व्यापार और निवेश बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए चीन या रूस से रिश्ते खराब करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय में दोनों मुल्कों के रिश्तों में तनाव भी देखने को मिला है। जैयर बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और ब्राजील के घरेलू मामलों को लेकर ट्रंप प्रशासन की नाराजगी के बीच अमेरिका ने ब्राजील के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ भी लगाए थे। ऐसे में लूला की जीत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों को लेकर खींचतान जारी रह सकती है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी बाजार और निवेश दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए लूला के सामने चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते भी संभालें और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखें। है। ब्राजील की प्राथमिकता अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित रखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका बढ़ाना है। कुल मिलाकर, लूला की चौथी जीत को अमेरिका के खिलाफ जीत या चीन के पक्ष में जनादेश मानना जल्दबाजी होगी।

इसका असली संदेश यह है कि ब्राजील अपनी विदेश नीति में किसी एक महाशक्ति पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अमेरिका से रिश्ते भी रखेगा, चीन के साथ व्यापार भी बढ़ाएगा और ब्रिक्स में अपनी भूमिका भी मजबूत करेगा। दुनिया की बदलती व्यवस्था में ब्राजील की यही स्वतंत्र भूमिका आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर सकती है।



ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं।

प्रवासन नीति को जवाबदेह बनाना जरूरी



यूरोप

चरणजीत 'चरण'
स्वतंत्र पत्रकार

हाल के वर्षों में यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। कुछ घटनाओं में प्रवासियों और शरणार्थियों की संलिप्तता भी रही है। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यूरोप ने स्वयं को मानवाधिकारों, उदारवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रमुख समर्थक के रूप में प्रस्तुत किया। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, जातीय संघर्ष और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के लाखों विस्थापित लोगों के लिए यूरोपीय देश सुरक्षित आश्रयस्थल बनकर उभरे। वर्ष 2015 में सीरिया के संकट के दौरान जर्मनी की तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल की उदार शरणार्थी नीति ने इस मानवीय दृष्टिकोण को नई ऊंचाई प्रदान की। किंतु पिछले कुछ वर्षों में यूरोप के विभिन्न देशों में बढ़ती हिंसा और सामाजिक तनाव ने वहां की सरकारों को अपनी प्रवासन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया है। कोई भी शरणार्थी अपने साथ अपनी भाषा, संस्कृति, विचारों और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आता है।

विस्थापन की स्थिति में उसकी प्राथमिकता जीवन और आजीविका की सुरक्षा होती है, लेकिन समय के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने की इच्छा भी स्वाभाविक रूप से उभरती है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रवासियों और स्थानीय समाज के बीच सांस्कृतिक दूरी बढ़ती जाती है और आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाता। आज यूरोप के अनेक देश इसी चुनौती का सामना कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने मानवीय आधार पर लोगों को आश्रय तो दिया, लेकिन उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करने के लिए आवश्यक दीर्घकालिक रणनीतियों को हर जगह प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका। भाषा की बाधा, रोजगार के सीमित अवसर, कौशल का अभाव और सांस्कृतिक अंतर ने अनेक प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण को कठिन बनाया। परिणामस्वरूप, कुछ क्षेत्रों में सामाजिक अलगाव, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएं बढ़ीं। इन परिस्थितियों के कारण फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, बेल्जियम, ब्रिटेन और इटली जैसे देशों में सुरक्षा, रोजगार, सार्वजनिक संसाधनों और सांस्कृतिक पहचान को लेकर नागरिकों की चिंताएं बढ़ी हैं। यूरोपीय देश इस समय दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक ओर शरणार्थियों और प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण तथा अवसरों की समानता को लेकर बहस तेज हुई है, तो दूसरी ओर यूरोपीय युवाओं और आम नागरिकों के बीच राष्ट्रवाद तथा सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। परिणामस्वरूप, विभिन्न विचारधाराओं के बीच टकराव बढ़ने लगा। किसी भी देश की शरणार्थी और प्रवासन नीति उसके राष्ट्रीय हितों, संवैधानिक व्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप निर्धारित होती है। यूरोप में अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि मानवीय आधार पर शरण देने के साथ-साथ कौशल-आधारित वैध प्रवासन को भी व्यवस्थित और प्रोत्साहित किया जाए। यूरोप के अनेक देश बढ़ती आयु वाली आबादी और विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। यूरोप का शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। दूसरी ओर, प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना भी व्यावहारिक विकल्प नहीं है, क्योंकि यूरोप के अनेक देशों को श्रमिकों और पेशेवर लोगों की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में उदारता को समाप्त करने के बजाय प्रवासन नीति को अधिक व्यवस्थित, चयनात्मक और जवाबदेह बनाना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।



मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।

खबर संक्षेप

पालघर में 5वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, 7 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर से एक रिहायशी इमारत में 5वीं मंजिल से लिफ्ट के नीचे गिर जाने से 7लोग



घायल हो गए। लिफ्ट की क्षमता केवल 5लोगों की थी।यह घटना दोपहर करीब 2 बजे पाटनकर पार्क इलाके में स्थित धनंजय एवेन्यू बिल्डिंग में हुई। घटलों में, 4 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें भर्ती कराया गया है।

निर्देशक संजय का 57 साल की उम्र में निधन

मुंबई। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का 30 अक्टूबर को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। उनके सिर में



गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वह 57 साल के थे।'काबिल', 'शूटआउट एट वडाला', 'कांटे', 'मुंबई सागा' जैसी फिल्मों को डायरेक्ट करने वाले निर्देशक इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

शिमला में कार सड़क से गिरी, 5 लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में शनिवार सुबह नावर क्षेत्र के दरोटी संपर्क सड़क पर हुए दर्दनाक हादसे



में मां-बेटे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हुआ है। मृतकों में दरोटी निवासी मां-बेटे के अलावा 3 नेपाली नागरिक शामिल हैं।

काशी में सिग्नेचर ब्रिज कहलाएगा नमो ब्रिज

वाराणसी। काशी में गंगा नदी पर नमो घाट के पास बनने वाले नए सिग्नेचर ब्रिज को अब 'नमो ब्रिज' के नाम से जाना जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की। उन्होंने मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में तैयार किए जा रहे काशी रेलवे स्टेशन और सिग्नेचर ब्रिज के निर्माण कार्य का जायज लिया। रेल मंत्री ने कहा कि परियोजना के पूरा होने से रेल और सड़क संपर्क को

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

शाह ने एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी नशामुक्त भारत का लक्ष्य भी दोहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित 'एकता दौड़' का शुभारंभ किया। उन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शाह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का इतिहास बदला, बल्कि देश के भूगोल की संरचना भी की। अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। पटेल ने मात्र 1218 दिनों में अखंड भारत की रचना कर वह कर दिखाया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में पहला चरण नशामुक्त भारत का निर्माण है।

देशभर के 490 पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक'

विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के कुल 490 कर्मियों को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्रदान करने की घोषणा की गई। इस सूची में सीबीआई के 14 अधिकारी भी हैं। यह पदक पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया इकाइयों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को दिए जाएंगे।

नड्डा ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरदार टेल की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कर्तव्य भवन-1 में अधिकारियों ने एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई।

370 हटाने और नक्सलवाद समाप्त करने को बताया बड़ी उपलब्धि

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। इनमें अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ना, देश से नक्सलवाद समाप्त करना और एक देश, एक कर प्रणाली लागू करना शामिल है।

विविधता हमारी सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता देश की कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। यही सरदार पटेल का संदेश था और इसी भावना के साथ देश को आगे बढ़ना है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से सरदार को मिला वैश्विक सम्मान

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और उसका शिलान्यास किया। इस प्रतिमा ने पूरे देश के सामने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को प्रतिष्ठित किया।

अयोध्या में दीपोत्सव-2026 की तैयारी

2100 एरियल ड्रोन शो से आसमां में जीवंत होगी रामायण की गाथा रोशनी का भव्य उत्सव दिखेगा



एजेंसी ⏭ अयोध्या

दीपोत्सव-2026 के दौरान दीयों की रोशनी से जगमगाने वाली रामनगरी का आसमान इस बार भी अद्भुत दृश्य का साक्षी बनेगा। दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में पर्यटन विभाग की ओर से भव्य एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में 07 नवंबर को जब दीपों की रोशनी से सरयू तट जगमगाएगा, तब आसमान में भी रोशनी का एक भव्य उत्सव देखने को मिलेगा। दीपोत्सव-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस बार नए कलेवर में एरियल ड्रोन शो प्रस्तुत करेगा। इसमें राम दरबार, पुष्पक विमान और रामायण के प्रमुख प्रसंग आसमान में जीवंत होते नजर आएंगे।

'मेड इन इंडिया' ड्रोन 15 मिनट तक दिखाएंगे करतब

'मेड इन इंडिया' तकनीक से निर्मित 2,100 ड्रोन 07 और 08 नवंबर को आसमान में उड़ान भरेंगे। करीब 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में कम से कम 15 अलग-अलग ड्रोन फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें आधे से अधिक फॉर्मेशन पिछले वर्ष की प्रस्तुति से अलग होंगे।श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भव्य नजारे दिखाई देंगे। को देखने का अवसर मिलेगा।

कई अलग दृश्य आएंगे नजर

इस बार एरियल ड्रोन शो में भी नवीनता पर खास जोर रहेगा। स्टोरीबोर्ड, स्क्रिप्ट, संगीत और वॉयस ओवर से लेकर आसमान में बनने वाली ड्रोन आकृतियों तक को पहले से अलग रखा जाएगा। 15 विशेष ड्रोन फॉर्मेशन तैयार किए जाएंगे। अधिकतर आकृतियां पिछले दीपोत्सव में दिखाए गए फॉर्मेशन से पूरी तरह नई होंगी।

नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ का शुभारंभ



नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ के ध्वज स्तंभ पूजन, ध्वजा पूजन और ध्वजारोहण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

जेल से रिहा होते ही आजम खान को ईडी ने हिरासत में लिया

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिला जेल से समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम जिला जेल से रिहा हो गए। लेकिन मामले में ट्विस्ट तब आया जब जेल से रिहा होते ही आजम को ED की एक टीम ने हिरासत में ले लिया। खबर है कि ईडी के पास दर्ज एक मामले में उन्हें हिरासत में लिया गया है।

राम मंदिर में सुबह 7 बजे से होंगे दर्शन



ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रख श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला की दैनिक पूजा, आरती, भोग, विश्राम एवं दर्शन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। अभी मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। अब यह समय क्रमशः सुबह 4 बजे और रात 10 बजे होगा। 7 बजे से दर्शन होंगे।

भाजपाध्यक्ष नवीन आज रोहतक में

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को हरियाणा के रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह विपक्ष के खिलाफ भाजपा के देशव्यापी अभियान का हिस्सा है। नवीन ऐसे दिन विपक्ष के खिलाफ भाजपा की पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जब 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर और कथित वोट चोरी के खिलाफ रैली करेगा। पार्टी विपक्ष के कथित 'भ्रामक सूचनाओं, दुष्प्रचार और सुनियोजित अराजकता' के खिलाफ यह पदयात्रा निकाल रही है। पदयात्रा छोटू राम पॉलिटेक्निक मैदान से शुरू होगी और मॉडल टाउन स्थित डी-पार्क पर समाप्त होगी। नवीन बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देंगे। यह हताश विपक्ष के झूठ, साजिशों के खिलाफ वैचारिक आंदोलन है।

वाराणसी से स्लीपर वंदेभारत शुरू

9 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी प्रमुख 4 स्टेशनों पर रुकेगी



एजेंसी ⏭ वाराणसी

सीएम योगी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी से वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है, जो काशी से दिल्ली के बीच दौड़ेगी। सफर करीब 9 घंटे में पूरा होगा। ट्रेन प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। शुक्रवार और दिल्ली से शनिवार को नहीं चलेगी। पूरी तरह एसी इस ट्रेन में 16 कोच हैं। इसमें 823 यात्री सफर कर सकेंगे। ट्रेन में फर्स्ट एसी का 1, सेकंड एसी के 4 और थर्ड एसी के 11 कोच हैं। योगी और वैष्णव ने इसका निरीक्षण किया। दोनों कोच में मौजूद स्कूली बच्चों से भी मिले। एक छात्र की 'बनारस विकसित भारत' की पेंटिंग को दोनों ने सराहा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031

विज्ञापन सं: 02/NT/R/2026 दिनांक: 28.10.2026

रोजगार सूचना

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में **तकनीकी सहायक (कंप्यूटर)** के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र, पात्रता मानदंड एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध है। इस संबंध में भविष्य में जारी की जाने वाली समस्त सूचनाएँ केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही अपलोड की जाएँगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **27 नवंबर 2026 सायं 5:00 बजे तक** है। **कुलसचिव**

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इंदु शर्मा, पत्नी श्री गजानंद, निवासी मकान नंबर एफ–14, तीसरी मंजिल, सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 ने सीसी संख्या 9043/2021 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इंदु शर्मा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इंदु शर्मा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 9043/2021 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के उक्त इंदु शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2026** को या इसारो पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**
गरिमा गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08
एनआई एक्ट कोर्ट नं.207, द्वितीय तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15635/CD/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान खान पुत्र यूनुस खान निवासी 36, गली नं. 1, सौरभ विहार, हरि नगर एक्सटेंशन, जैतपुर, बदरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 263/2020 U/S 498A/406/377/34 IPC, अन्तर्गत थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **इमरान खान** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **इमरान खान** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 263/2020 U/S 498A/406/377/34 IPC, अन्तर्गत थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **इमरान खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री शिप्रा धनखड़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी(महिला कोट)
कमरा नं. 55, दूसरी मंजिल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/15617/SHD/2026(Court Matter)

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:–

04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04022		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	14:30	नई दिल्ली	23:10	---
23:20	23:30	लखनऊ जं.	13:10	13:20
04:10	---	गोरखपुर	---	07:00

चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से दिनांक 06.11.2026 एवं 13.11.2026 (शुक्रवार को) और **04021 गोरखपुर से** दिनांक 07.11.2026 एवं 14.11.2026 (शनिवार को)।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार(ट.)-छपरा-आनन्द विहार(ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04058		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04057	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	00:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20	---
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
19:20	---	छपरा	---	22:10

चलने के दिनः 04058 आनन्द विहार(टर्मि.) से और **04057 छपरा से** दिनांक 03.11.2026 से 17.11.2026 (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,
ठहरावः टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

05087/05088 आनन्द विहार(टर्मि.)-मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05087		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05088	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	22:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:00	---
17:00	---	मऊ जं.	---	19:15

चलने के दिनः 05087 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 03.11.2026 एवं 10.11.2026 (मंगलवार) को और **05088 मऊ जं. से** दिनांक 04.11.2026 एवं 11.11.2026 (बुधवार) को।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः मुहम्मदाबादा, आज़मगढ़ जं., खोरासन रोड, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जंघई जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी, टूण्डला जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08751/08752 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08751		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08752	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग जं.	13:45	---
11:10	---	हज़रज निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिनः 08751 दुर्ग जं. से दिनांक 01.11.2026 से 15.11.2026 (प्रत्येक रविवार) को और **08752 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः रायपुर जं., उस्लापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. **139**
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

04660/04659 लुधियाना जं.-पूर्णियाँ जं.-लुधियाना जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04660		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04659	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	12:00	लुधियाना जं.	06:50	---
19:25	19:35	मुरादाबाद	23:50	23:55
21:30	---	पूर्णियाँ जं.	---	23:30

चलने के दिनः 04660 लुधियाना जं. से दिनांक 05.11.2026 एवं 09.11.2026 (गुरुवार, सोमवार को) और **04659 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 06.11.2026 एवं 10.11.2026 (शुक्रवार, मंगलवार को)।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सहरसा जं. एवं बनमनखी जं. स्टेशन।

04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04054		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04053	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से दिनांक 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04053 हावड़ा जं. से** दिनांक 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार(टर्मि.)-सबौर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04065	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	05:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45	---
07:00	---	सबौर	---	11:00

चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 06, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04065 सबौर से** दिनांक 07, 08, 12 एवं 13.11.2026 को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया जं., वारिसली गंज, शेखपुरा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 02397/02398 गया जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-गया जं. विशेष रेलगाड़ी का विस्तार शेखपुरा जं. तक किया गया है, जो अब शेखपुरा जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी।

रेलगाड़ी सं. 02397		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02398	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	11:30	शेखपुरा जं.	14:45	---
12:02	12:04	वारिसली गंज	13:08	13:10
12:24	12:26	नवादा	12:40	12:42
12:45	12:47	तिलैया जं.	12:18	12:20
14:05	14:15	गया जं.	11:10	11:15
गया जं.–आनन्द विहार(टर्मि.)–गया जं. के बीच समय–सारणी यथावत रहेगी				
11:40	---	आनन्द विहार(टर्मि.)	---	13:30

- **विस्तार की प्रभावी तिथिः 02397 शेखपुरा जं. से** दिनांक 01.11.2026 से और **02398 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 02.11.2026 से ।
- **नोटः** बाकी सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना और शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती।

तीन साल से ज्यादा का निवेश क्षितिज होने पर उभरता है फायदा

बाजार की गिरावट में भी टिके कॉन्ट्रा फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न संभव

पांच साल में मिल सकता है बेहतर प्रदर्शन; धैर्य की परीक्षा भी

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क



शेयर बाजार में गिरावट के दौर में निवेशकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ज्यादातर निवेशक ऐसे समय में सुरक्षित विकल्प तलाशने लगते हैं, लेकिन अनुभवी निवेशक बाजार की कमजोरी में भविष्य के अवसर भी खोजते हैं। म्यूचुअल फंड की कॉन्ट्रा श्रेणी इसी सोच पर काम करती है। ये फंड उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने की कोशिश करते हैं, जिन्हें फिलहाल बाजार में पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है, लेकिन जिनकी कारोबारी संभावनाएं लंबी अवधि में बेहतर हो सकती हैं। हालिया प्रदर्शन के आंकड़े संकेत देते हैं कि बाजार की मौजूदा कमजोरी के बीच कॉन्ट्रा फंड ने कुछ मजबूती दिखाई है। हालांकि, इस रणनीति का लाभ तुरंत मिलने की गारंटी नहीं है। इसमें निवेशकों को लंबा नजरिया और उतार-चढ़ाव सहने की क्षमता रखनी पड़ती है।

क्या होते हैं कॉन्ट्रा फंड?

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना व शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती। यदि कंपनी का कारोबार सुधरता है और निवेशकों का भरोसा लौटता है, तो उसके शेयर की कीमत में सुधार हो सकता है। इसे बाजार में मूल्य के सामान्य स्तर पर लौटने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है। हालांकि, यदि कंपनी की मुश्किलें स्थायी हैं, तो कम कीमत पर खरीदा गया शेयर भी नुकसान दे सकता है।

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- **अवधि:** कम से कम तीन से पांच साल का नजरिया रखें। यह अवधि भी लाभ की गारंटी नहीं है।
- **जोखिम :** बाजार में लंबी गिरावट और कमजोर प्रदर्शन सहने की तैयारी होनी - चाहिए।
- **विविधीकरण:** पूरी रकम एक ही श्रेणी में लगाने से बचें।
- **तुलना का तरीका:** फंड के प्रदर्शन की तुलना उसके समकक्ष फंडों और उपयुक्त मानक सूचकांक से करें।
- **समीक्षा:** हर तिमाही के प्रतिफल से घबराकर फैसला न लें, लेकिन फंड की रणनीति और निवेश की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखें।

तीन साल में दिखने लगता है रणनीति का असर : फाइनेंशियल एक्सप्रेस की 24 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, तीन साल के आधार पर कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत वार्षिक चक्रवृद्धि प्रतिफल लगभग 12 प्रतिशत रहा, जबकि मध्य प्रतिफल करीब 13.2 प्रतिशत बताया गया। इसके मुकाबले लार्ज-कैप फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लगभग 9.3 प्रतिशत रहा। ये आंकड़े संबंधित अवधि में कॉन्ट्रा फंड के बेहतर प्रदर्शन की ओर संकेत करते हैं, लेकिन इन्हें भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं समझना चाहिए।

पांच साल में उभर सकती है बढ़त

कॉन्ट्रा निवेश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें फंड मैनेजर बाजार की तत्कालीन पसंद के बजाय भविष्य की संभावनाओं पर दांव लगाता है। किसी उपेक्षित कंपनी के शेयर में निवेश करने के बाद बाजार को उसकी वास्तविक क्षमता पहचानने में कई साल लग सकते हैं। इस दौरान शेयर का प्रदर्शन कमजोर रह सकता है और निवेशक का धैर्य डगमगा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल की अवधि में कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लार्ज-कैप फंडों के मुकाबले लगभग दोगुना रहा है। इससे संकेत मिलता है कि इस निवेश रणनीति को परिणाम देने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होती है। हालांकि, यह निष्कर्ष रिपोर्ट में दी गई संबंधित अवधि के आंकड़ों पर आधारित है। अलग-अलग समय में परिणाम बदल सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रा फंड में निवेश करने वालों के लिए तीन से पांच साल या उससे अधिक का नजरिया उपयोगी हो सकता है। लेकिन लंबी अवधि का चुनाव भी नुकसान से सुरक्षा की गारंटी नहीं देता।



एक साल में नुकसान भी कम नहीं

कॉन्ट्रा फंड की संभावनाओं के साथ उसके जोखिम को समझना भी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल के आधार पर इस श्रेणी का प्रतिफल लगभग 8 प्रतिशत नकारात्मक रहा। यह गिरावट लार्ज-कैप फंडों के प्रदर्शन के आसपास थी। इससे स्पष्ट होता है कि कॉन्ट्रा फंड भी बाजार की कमजोरी से अछूते नहीं हैं। दरअसल, बाजार जिन कंपनियों को पसंद नहीं कर रहा होता है, उनमें निवेश करने का अर्थ यह भी है कि निवेशक को कुछ समय तक कमजोर प्रदर्शन झेलना पड़ सकता है। यदि कंपनी का कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं सुधरता, तो नुकसान लंबा खिंच सकता है। इसलिए केवल इस आधार पर निवेश करना उचित नहीं कि कोई फंड हालिया गिरावट के दौरान बेहतर टिका रहा है।

पोर्टफोलियो में कितनी हो हिस्सेदारी

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, कॉन्ट्रा फंड को पूरे निवेश पोर्टफोलियो का विकल्प बनाने के बजाय विविधीकृत निवेश व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक है। निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश की अवधि के अनुसार इसमें सीमित राशि लगा सकते हैं। जिन लोगों को निकट भविष्य में पैसे की जरूरत है या जो बाजार में उतार-चढ़ाव से घबरा जाते हैं, उनके लिए यह श्रेणी उपयुक्त नहीं हो सकती।

निवेश बनाए रखें

कॉन्ट्रा फंड उन निवेशकों के लिए उपयोगी विकल्प हो सकते हैं, जो बाजार की अस्थायी निराशा के पीछे छिपे अवसर तलाशना चाहते हैं और लंबी अवधि तक निवेश बनाए रख सकते हैं। लेकिन बेहतर प्रतिफल की संभावना के साथ जोखिम भी जुड़ा है। इसलिए निवेश का फैसला केवल हालिया प्रदर्शन देखकर नहीं, बल्कि वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम सहने की क्षमता को ध्यान में रखकर करना चाहिए।



बच्चों को बचपन से सिखाएं पैसे की समझ, रहेंगे आर्थिक रूप से मजबूत

- छोटी-छोटी बचत की आदतें बनाएंगी जिम्मेदार नागरिक
- खर्च और फैसले लेने का सलीका सिखाना भी है जरूरी

बिजनेस डेस्क

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का बड़ा हिस्सा उनकी जरूरतें पूरी करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने में बीतता है। खिलौनों से लेकर मोबाइल, महंगे कपड़ों और मनोरंजन तक, बच्चों की हर फरमाइश पूरी करने की कोशिश की जाती है। माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे किसी चीज से वंचित न रहें। लेकिन इस कोशिश में अक्सर एक जरूरी सबक पीछे छूट जाता है। पैसे की कीमत और उसका सही इस्तेमाल। आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की नींव केवल अच्छी कमाई से नहीं, बल्कि बचपन में विकसित हुई वित्तीय समझ से भी पड़ती है। इसलिए बच्चों को पैसे का महत्व समझाना, खर्च करने में विवेक सिखाना और बचत की आदत विकसित करना उनकी परवरिश का अहम हिस्सा होना चाहिए।

1. बिना पैसे खर्च किए भी खुश रहना सिखाएं

बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि खुशी का हर जरिया बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। परिवार के साथ समय बिताना, घर में मिलकर खाना बनाना, खेलना, किताबें पढ़ना और पार्क में घूमना भी आनंद के अच्छे साधन हैं। यदि बच्चे हर गतिविधि को किसी खरीदारी से जोड़कर देखेंगे, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि मनोरंजन के लिए पैसा खर्च करना अनिवार्य है। माता-पिता को अपनी दिनचर्या में ऐसे अवसर शामिल करने चाहिए, जिनमें बिना अतिरिक्त खर्च के भी परिवार खुशियां साझा कर सके।

2. हर मौके पर उपहार देना जरूरी नहीं

जन्मदिन, त्योहार, रिश्तेदारों से मुलाकात या किसी उपलब्धि पर उपहार देने की परंपरा आम है। उपहार देना गलत नहीं है, लेकिन इसे हर अवसर की अनिवार्यता बना देना उचित नहीं। बच्चों को समझना चाहिए कि किसी से मिलने जाना, उसके साथ समय बिताना और उसका हालचाल पूछना भी स्नेह जताने के महत्वपूर्ण तरीके हैं। हर मुलाकात में कुछ खरीदकर ले जाने की आदत अनावश्यक खर्च बढ़ा सकती है। माता-पिता स्वयं भी इस सोच को अपनाएं कि रिश्तों की मजबूती महंगे उपहारों से नहीं, बल्कि समय, सम्मान और अपनापन देने से बढ़ती है।

3. हर काम के बदले इनाम देने से बचें

बच्चों को घर के छोटे-मोटे कामों में शामिल करना अच्छी आदत है। हर काम के बदले पैसे या कोई उपहार देना सही तरीका नहीं है। यदि बच्चा अपना सामान व्यवस्थित करता है, किसी की मदद करता है या घर के सामान्य कामों में हाथ बंटाता है, तो उसे परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हर अच्छे व्यवहार के बदले इनाम मिलने पर बच्चा यह सोच सकता है कि बिना किसी लाभ के काम करना जरूरी नहीं है। हालांकि, उम्र के अनुसार विशेष कामों के लिए सीमित प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

4. खरीदारी के नियम माता पिता मिलकर तय करें

बच्चों की हर मांग पूरी करना प्यार का प्रमाण नहीं है। कई बार माता-पिता किसी वस्तु के लिए मना करते हैं, लेकिन परिवार का दूसरा सदस्य उनकी बात काटकर वही चीज दिला देता है। इससे बच्चा सीमाओं को समझने के बजाय अलग-अलग लोगों से अपनी मांग मनवाना सीख सकता है। इसलिए माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच बच्चों के खर्च को लेकर स्पष्ट सहमति होनी चाहिए। दादा-दादी या नाना-नानी का स्नेह भी महत्वपूर्ण है, लेकिन उन्हें बच्चों के लिए तय आर्थिक नियमों का सम्मान करना चाहिए।

5. जरूरत और चाहत के बीच अंतर बताएं

वित्तीय समझ विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका बच्चों को जरूरत और चाहत के बीच अंतर सिखाना है। भोजन, पढ़ाई की सामग्री और जरूरी कपड़े आवश्यकताएं हैं, जबकि नया खिलौना, महंगा खेल या बार-बार बदलने वाला इलेक्ट्रॉनिक सामान इच्छा की श्रेणी में आ सकता है। उम्र के अनुसार बच्चों को उदाहरण देकर यह अंतर समझाया जा सकता है। यदि उनके पास सीमित राशि है, तो उन्हें दो विकल्पों में से एक चुनने को कहें। उदाहरण के लिए, वे उस पैसे से कोई खिलौना खरीद सकते हैं या कुछ सप्ताह बचत करके अधिक उपयोगी वस्तु ले सकते हैं।

6. भावनात्मक दबाव में खरीदारी न करें

कई बार माता-पिता काम में व्यस्त रहने या बच्चों के साथ कम समय बिता पाने के कारण अपराधबोध महसूस करते हैं। इसकी भरपाई के लिए वे बच्चों को महंगे उपहार देते हैं या उनकी हर मांग पूरी कर देते हैं। इसी तरह, गलती करने या गुस्से में डांटने के बाद भी कुछ माता-पिता उपहार देकर स्थिति संभालने की कोशिश करते हैं। यह तरीका बच्चों को गलत संदेश दे सकता है कि नाराजगी, गलती या भावनात्मक दूरी को खरीदारी से दूर किया जा सकता है। बेहतर होगा कि माता-पिता बच्चों से खुलकर बात करें, उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं और गलती होने पर उसे स्वीकार कर सुधार करें। पैसे के बजाय संवाद और व्यवहार को महत्व देना ज्यादा प्रभावी है।

7. छोटे आर्थिक फैसले लेने का अवसर दें

बच्चों को जिम्मेदार बनाने के लिए उन्हें उम्र के अनुरूप छोटे फैसले लेने देना चाहिए। खरीदारी के समय उन्हें तय बजट में से सामान चुनने दें। जेबखर्च देते हैं तो उसके कुछ हिस्से को खर्च, कुछ को बचत और जरूरत पड़ने पर कुछ को दूसरों की मदद के लिए अलग रखने की आदत डालें। बड़े बच्चों को बैंक खाते, बचत योजनाओं, ब्याज व चक्रवृद्धि वृद्धि जैसी अवधारणाओं की शुरुआती जानकारी भी दी जा सकती है। उन्हें यह समझाएं कि छोटी बचत भी समय के साथ बड़ी राशि बन सकती है।

जरूरत के समय पीपीएफ या पर्सनल लोन, कौन है बेहतर

ब्याज दर से लेकर चुकाने की अवधि तक समझें दोनों विकल्पों का अंतर

कम ब्याज के साथ भुगतान की शर्तों पर भी दें ध्यान

बिजनेस डेस्क

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है।


अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर सबसे बड़ी चुनौती होती है कि रकम कहां से जुटाई जाए और उस पर कितना ब्याज चुकाना पड़ेगा। ऐसे समय में बैंक से पर्सनल लोन लेना एक आम विकल्प है, लेकिन यदि आपका सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ खाता है तो उससे भी कर्ज लिया जा सकता है। दोनों विकल्पों में ब्याज दर, कर्ज की सीमा और भुगतान की अवधि का बड़ा अंतर है। इसलिए केवल कम ब्याज देखकर फैसला करने के बजाय अपनी जरूरत और भुगतान क्षमता को समझना जरूरी है।

ब्याज दर में बड़ा अंतर

पीपीएफ खाते पर मिलने वाले कर्ज का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी कम ब्याज दर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस पर सालाना एक प्रतिशत ब्याज लिया जाता है। हालांकि, मूल रकम समय पर नहीं चुकाने पर बकाया राशि पर ब्याज की दर बढ़कर छह प्रतिशत सालाना हो सकती है। इसलिए कम ब्याज का लाभ तभी मिलेगा, जब कर्ज की शर्तों का पालन किया जाए। दूसरी ओर, पर्सनल लोन की ब्याज दर बैंक, वित्तीय कंपनी, ग्राहक के क्रेडिट स्कोर और अन्य पात्रता शर्तों पर निर्भर करती है। यह सामान्यतः पीपीएफ लोन से काफी अधिक हो सकती है। कर्ज लेने से पहले ब्याज दर के साथ प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क भी जांचने चाहिए।

कितनी रकम मिलेगी

पीपीएफ से मिलने वाले कर्ज की सीमा खाते में मौजूद पात्र राशि और योजना के नियमों पर निर्भर करती है। सामान्य नियम के अनुसार, संबंधित आवेदन वाले वर्ष से पहले के दूसरे वित्त वर्ष के अंत में खाते में मौजूद पात्र बैलेंस का अधिकतम 25 प्रतिशत तक कर्ज मिल सकता है। इसके लिए खाते की अवधि और अन्य पात्रता शर्तें भी पूरी करनी होती हैं। पर्सनल लोन में मिलने वाली रकम ग्राहक की आय, नौकरी या कारोबार, क्रेडिट हिस्ट्री और बैंक की नीतियों के आधार पर तय होती है। यदि अधिक रकम की जरूरत है और पीपीएफ खाते से मिलने वाला कर्ज पर्याप्त नहीं है, तो पर्सनल लोन उपयोगी विकल्प हो सकता है।



भुगतान की अवधि भी समझें

पीपीएफ लोन में मूल रकम चुकाने के लिए 36 महीने यानी तीन साल तक का समय मिलता है। इसके बाद ब्याज चुकाने के लिए भी योजना के नियमों का पालन करना होता है। भुगतान में देरी होने पर ब्याज का बोझ बढ़ सकता है। पर्सनल लोन में आम तौर पर हर महीने समान किस्त यानी ईएमआई चुकानी होती है। इसकी अवधि एक साल से लेकर कई साल तक हो सकती है। लंबी अवधि चुनने से मासिक किस्त कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज अधिक चुकाना पड़ सकता है। इसलिए केवल कम ईएमआई देखकर लंबी अवधि का विकल्प नहीं चुनना चाहिए।

किस स्थिति में कौन सा विकल्प बेहतर?

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है। कितनी रकम चाहिए, कर्ज कितने समय में चुकाया जा सकेगा और सभी शुल्क जोड़ने के बाद कुल भुगतान कितना होगा। कम ब्याज वाला विकल्प तभी बेहतर है, जब उसकी भुगतान शर्तें आपकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल हों।

ऑल्टेयर हाउस – आईएचसीएल सिलेक्शन्स' का अनावरण किया



कोलकाता/सिलीगुड़ी। भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रमुख कॉर्पोरेट समूह, अंबुजा नियोतिया ने आज कोलकाता और सिलीगुड़ी में 'ऑल्टेयर हाउस – आईएचसीएल सिलेक्शन्स' का अनावरण किया।इस अवसर पर आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री पुनीत छतवाल ने कहा , "कोलकाता और सिलीगुड़ी में 'आईएचसीएल सिलेक्शन्स' ब्रांड के तहत 'ऑल्टेयर हाउस' के खुलने से अंबुजा नियोतिया के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी और मजबूत हुई है। अपने अनूठे डिजाइन और बेमिसाल अनुभवों के साथ, ऑल्टेयर हाउस 'आईएचसीएल सिलेक्शन्स' प्लेटफॉर्म के लिए पूरी तरह अनुकूल है। फ्रैंचाइजी समझौते के तहत की गई यह शुरूआत हमारी साझेदारी में एक नया अध्याय जोड़ती है।"उन्होंने आगे कहा, "एक साझा विजन पर आधारित, आईएचसीएल और अंबुजा नियोतिया इस पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने, यात्रा के नए अनुभव तैयार करने और आईएचसीएल के ब्रांड्स की मौजूदगी का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"इस ऐतिहासिक मौके पर, अंबुजा नियोतिया ने कोलकाता, रायचक, दीघा, सिलीगुड़ी, लातागुड़ी, कलिम्पोंग और दार्जिलिंग में आईएचसीएल के विभिन्न ब्रांड्स के तहत पश्चिम बंगाल के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 2,700 करोड़ के बड़े निवेश की घोषणा की। इस निवेश में हाल ही में लॉन्च किए गए दोनों होटल शामिल हैं। इसके साथ ही, दार्जिलिंग स्थित 'ताज चिया कुटीर रिसॉर्ट एंड स्पा' के 100 करोड़ के विस्तार की भी घोषणा की गई, जिसके तहत इसमें 28 नए कमरे और 15,000 वर्ग फुट की बैंक्वेट सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। अंबुजा नियोतिया समूह के चेयरमैन श्री हर्षवर्धन नियोतिया ने कहा , " बंगाल अपने रौनक से भरे शहरों और नदी के किनारों से लेकर अपने जंगलों, चाय के बागानों और हिमालय तक, बहुत ही खूबसूरत और अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक अनुभवों की पेशकश करता है। हमारा लगभग 2,700 करोड़ का निवेश का संकल्प, इस क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं पर हमारे भरोसे को दिखाता है ।

पेज एक का शेष

सरदार पटेल के...

में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'...

रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी ने करीब 52.50 करोड़ से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल तैयार किया है। करीब 2 एकड़ में बने इस होटल में 4 श्रेणियों के कमरे, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

आज रामलीला मैदान...

इलाके को कई सुरक्षा जोन में बांटा गया है तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। तुर्कमान गेट, अजमेरी गेट, दिल्ली गेट और मीरदर्द चौक जैसे प्रमुख चौराहों पर भारी बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है।

वोट चोरी पं. ...

चोरी को लेकर जब खरगे जी बोल रहे थे तो मैंने सोचा कि हां वोट चोरी हुई थी। पंडित नेहरू वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने सरदार पटेल को मिले वोट की चोरी की थी।

विपक्ष की संसद...

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर चली मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। यह संसद 3 घंटे 23 मिनट चली। पूर्व स्पीकर मीरा कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। खरगे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग प्रस्ताव लाए। उन पर 6 आरोप लगाए गए। प्रस्ताव को सभी सांसदों ने पास कराया। कांग्रेस सहित 19 दलों के 215 सांसद शामिल हुए। जन महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। यह सांकेतिक होता है।

समझ में आ जाएगा...

पद पर नहीं टिक पाएंगे, अगर हमारे खुलासे के बाद भी भाजपा उन्हें बनाए रखने पर अड़ी रहती है, तो हमें समझ आ जाएगा कि उनका क्या खेल है। भाजपा भले ही चुनावों में धांधली करती रहे, लेकिन भारत की जनता और विपक्ष के सदस्य इसे न तो भूलेंगे और न ही माफ करेंगे।

लोकतंत्र की मजबूती...

आयोजित इस कार्यक्रम में कैप्टन अभिमन्यु मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, सुशासन और राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की जागरूकता और उनकी सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। सकारात्मक संवाद के माध्यम से समाज में रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा सकता है। भाजपा गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर, जिला प्रभारी संदीप जोशी, पूर्व प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ और कार्यक्रम संयोजक पार्षद कुलदीप यादव मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक बोधराज सीकरी, वीटा डेयरी चेयरमैन राम अवतार गर्ग, जिला महामंत्री अजीत यादव और मनीष सैदपुर, जिला मीडिया सह प्रभारी कृतिक जैन सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों और भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

संवैधानिक संस्थाओं...

में योगदान देना चाहिए। प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका जनमत को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण है।

विष्णु मूर्ति का...

प्रतिमा का मस्तक खजुराहो में ही विभाग के स्टोर रूम में रखा था। इसका खुलासा ब्रिक्स सम्मेलन में बातचीत के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि नवंबर 2026 तक मस्तक को प्रतिमा से जोड़ने का लक्ष्य है। उधर, मूर्ति संरक्षण फाउंडेशन के चेयरमैन राकेश दलाल ने कहा कि यदि एएसआई नियमों के तहत अनुमति देता है, तो हमारी संस्था मस्तक जोड़ने में होने वाला रासायनिक और वैज्ञानिक संरक्षण संबंधी खर्च उठाने के लिए तैयार है।

अब पेट्रोल के ...

कोई शुल्क नहीं लगेगा, जबकि पहले यह 2.50 रुपए प्रति लीटर था। डीजल के निर्यात पर शुल्क 8.50 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 11.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है और एटीएफ के निर्यात पर शुल्क 10.50 रुपएए प्रति लीटर से बढ़ाकर 11 रुपएए प्रति लीटर कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमतों को स्थिर रखकर घरेलू उपभोक्ताओं को इस झटके के पूरे असर से बचाने की कोशिश की है। साथ ही, सरकार ने निर्यात शुल्क का इस्तेमाल यह नियंत्रित करने के लिए भी किया है कि रिफाइनर कितना ईंधन विदेशों में भेजते हैं।

देश भर में ...

दैनिक शाखाएं शुरू हुई हैं। शताब्दी वर्ष में देशभर में 65,660 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। गृह संपर्क अभियान में भी व्यापक सहभागिता रही। बैठक में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर समाजहित के कार्य करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जनजागरण अभियान पर चर्चा होगी। संत रविदास की 650वीं जयंती के कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी। मार्च में नागपुर में होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा से पहले संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू होगी। बैठक के अंतिम दिन 4 नवंबर को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पत्रकार वार्ता में निर्णयों और आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे।

जुरेल और पडिक्कल का जलवा, न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मजबूत स्थिति में भारत 'ए'

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को 7 विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया। लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए, जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



भारत के 7 रन पर गिरे 3 विकेट

भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने 7 रन के भीतर 3 विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शतक से एक रन दूर जुरेल

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 291 रन बना लिए हैं। कप्तान जुरेल अपने शतक से मात्र 1 रन दूर हैं। जुरेल 155 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 99 रन पर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश दीप 58 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से फ्रेजर शेट से 4 विकेट लिए हैं। ब्रेट रैंडेल, जारोड मैके और जेडन लेनोक्स ने 1-1 विकेट लिए हैं।



जायसवाल का तीसरा फ्लॉप शो

एक तरफ जहां पडिक्कल ने अपनी बल्लेबाजी से छाप छोड़ी, वहीं सीनियर टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। यशस्वी मैच की पहली ही ओवर में फ्रेशर शीट की गेंद पर खाता खोले बिना चार गेंदों में शून्य पर आउट हो गए। आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले उनका यह लगातार तीसरा फ्लॉप शो है। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी महज 17 और 5 रन बनाए थे।

डक पर आउट हुए रविचंद्रन

भारतीय मध्यक्रम की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं रही। पडिक्कल के आउट होने के ठीक बाद मैदान पर उतरे स्मरण रविचंद्रन भी अपनी पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर गोल्डन डक का शिकार बन गए। वहीं पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने वाले विदर्भ के यश राठौड़ से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने, जिससे भारतीय पारी बीच में लड़खड़ाती नजर आई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां मैच आज, सूर्यवंशी की वापसी संभव

हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम 5 मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी।

ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस श्रृंखला में 67, 14, 18, 4 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं।

लय हासिल करना चाहेंगे अय्यर

हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले 8 मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाए। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर

गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 200 रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है । चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकॉनॉमी रेट 12 के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं, जिनका इकॉनॉमी रेट इस श्रृंखला में 10 से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिए कुलदीप यादव या वरुण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा, जिसके लिए धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है।

आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कीवी टीम

न्यूजीलैंड टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले आखिरी मैच जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले यह वनडे श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे आकिब नबी

4 नवंबर को आकलैंड में पहला मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेज गेंदबाज आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 3 वनडे मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। नबी चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में थे लेकिन अब वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 4 नवंबर को आकलैंड में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' दाहिने हाथ के इस तेज गेंदबाज को चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुना गया था लेकिन अब वह वनडे श्रृंखला की शुरुआत से टीम में होंगे।' जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी ने हाल ही में लिंकन में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के लिए चार दिवसीय मैच खेलकर दो पारियों में 6 विकेट लिए थे।

पहले तीन वनडे के लिए टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कम्बोज, गुरनूर बरार, रूतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी (सिर्फ पहला वनडे), आकिब नबी।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, नमन धीर,गुरनूर बरार, रुतुराज गायकवाड़,अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर, कुलदीप यादव।

खबर संक्षेप

ग्वांगझोउ ओपन : वीनस की डब्ल्यूटीए टूर में हार

ग्वांगझोउ। अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को 8 साल बाद डब्ल्यूटीए टूर के किसी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। ग्वांगझोउ ओपन के विमेंस डबल्स सेमीफाइनल में वह इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के साथ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। 1 घंटे 45 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्हें 6-4, 6-7 (8), 10-6 से शिकस्त मिली। 2016 के ओलंपिक और विंबलडन के बाद से यह विलियम्स का पहला डब्ल्यूटीए टूर डबल्स सेमीफाइनल था। साथ ही, 2018 के इंडियन वेल्स के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल था।

विदर्भ की तरफ से खेलेंगे आदित्य ठाकरे

नागपुर। दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने मध्यप्रदेश के खिलाफ 2 नवंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी मैच के लिए विदर्भ टीम में यश ठाकुर की जगह ली है, जो भारतीय टीम में चुने गए हैं। दो बार की रणजी चैंपियन विदर्भ टीम जामथा के वीसीए स्टेडियम पर ग्रुप ए का यह मैच खेलेगी।

पैन पैसिफिक ओपन

फाइनल में लेयला अब डायना से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| टोक्यो

कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने पैन पैसिफिक ओपन सेमीफाइनल में कामिला राखीमोवा को हराकर इस साल के अपने तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा, जो मिया पोहानकोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। फर्नांडीज ने दोनों सेट में ब्रेक डाउन के बाद राखीमोवा को एक घंटे 54 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-3 से हराया। तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद वह पहले सेट में 1-3 से पीछे चल रही थीं, लेकिन छठे गेम में उन्होंने इसे वापस हासिल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों ने अपनी सर्विस बनाए रखी, इससे पहले कि कनाडाई खिलाड़ी ने 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक लेकर पहला सेट 59 मिनट में 7-5 से जीत लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में ही उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दीं। उन्होंने चौथे गेम में उज्बेक खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-2 की बराबरी कर ली, फिर ब्रेक लेकर 5-3 की बढ़त बना ली और 49 मिनट के दूसरे सेट में होल्ड के साथ गेम खत्म किया।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

ढाका। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद 81 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश की दूसरी पारी 142 रन पर सिमट गई, जिससे वेस्टइंडीज को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 2 विकेट गंवाकर हासिल कर ली। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी 9 विकेट गंवाकर केवल 169 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में 53 रन देकर 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 63 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ। इसके बावजूद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और किंग ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी की।

रबाडा ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए सबसे तेज 350 विकेट

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। रबाडा टेस्ट में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 350 विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं।

रबाडा ने यह मुकाम 13,808 गेंद फेंककर हासिल किया है। उन्होंने इस मामले में डेल स्टेन को पीछे छोड़ा है। स्टेन ने यह उपलब्धि 14,719 गेंद फेंककर हासिल की थी। रबाडा साउथ अफ्रीका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले टीम की तरफ से यह मुकाम डेल स्टेन, शॉन पोलॉक और मखाया एंटिनी ही हासिल कर सके हैं।



रबाड़ा ने की मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी

रबाडा ने यह मुकाम अपने 75वें टेस्ट में हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाज मैल्कम मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी की। मार्शल ने भी अपने टेस्ट करियर के 75वें मुकाबले में 350 विकेट पूरे किए थे। रबाडा मैचों के लिहाज से टेस्ट में सबसे तेज 350 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट भी पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले साउथ अफ्रीका के पांचवें गेंदबाज बने हैं। उन्होंने अपने करियर के 260वें मैच में यह मुकाम हासिल किया। साउथ अफ्रीका की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलॉक के नाम है, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 823 विकेट निकाले हैं।

एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी थीं मनीषा

लॉस एंजिलिस ओलंपिक पदक पर मनीषा की नजरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता है, जो उनके दिल में बसते हैं। 29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई।

एशियाई खेलों की नाकामी की बखूबी भरपाई करते हुए उन्होंने कैरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा,जिसकी उन्हें फायदा मिला।



वजन कम करने के लिए मिला कम समय

मनीषा ने कहा,' एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया। मैं कोच से कुश्ती, अभ्यास और रिकवरी के बारे में पूछती रही। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप होना चाहिए। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा है।' एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में भाग लेने के बाद विश्व चैंपियनशिप में वह 59 किलो में उतरी। उनका मानना है कि दोनों टूर्नामेंटों के बीच में अंतर कम रहने से उन्हें रिकवरी और वजन कम करने के लिए काफी कम समय मिला। उन्होंने कहा,' मुझे एशियाई खेलों में पदक जीतने का यकीन था। मुझे पता था कि विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। दस दिन में वजन कम करना कठिन था तो मुझे लगा कि 59 किलो सही रहेगा।'

पिता ने निभाई कैरियर में अहम भूमिका

मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है। उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया। विश्व चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्होंने अपने पिता की याद में एक खास टीशर्ट पहना था। मनीषा ने कहा,' मैं बता नहीं सकती कि मेरे पिता की कितनी बड़ी भूमिका रही है। मैं उनसे बात करती रहती हूं मानो वह मेरे भीतर हों। वह मेरे दिल में बसते हैं और मेरे जीवन का हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा,'मेरे पिता ने सिखाया कि या तो कोई काम शुरू मत करो और करो तो पूरा करके ही दम लो। यह मेरे खून में है। कुश्ती मेरे लिए पहला और आखिरी विकल्प है। इसने मुझे जीवन, नाम और जीने का सामर्थ्य दिया।'

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन पर हंगामा

पीएम टस्क पर तख्तापलट का आरोप, देशभर में हुए प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| वारसॉ

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन ने हंगामा खड़ा कर दिया है। देश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। हालात बिगड़ने पर राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की सेनेगल जाते समय बीच रास्ते से ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राष्ट्रपति का देश में रहना जरूरी है। यह कदम तब उठाया गया जब देश की संवैधानिक न्यायाधिकरण (टीके) के अध्यक्ष और उनके डिप्टी को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया गया।

6 नए जजों की नियुक्ति से विवाद

इस साल मार्च में पोलैंड की संसद ने संवैधानिक ट्रिब्यूनल के लिए 6 नए जज चुने। लेकिन राष्ट्रपति नावरोत्स्की ने इनमें से केवल 2 जजों को अपने सामने शपथ दिलाई। बाकी 4 जजों को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद 9 अप्रैल को इन चारों जजों ने संसद में ही शपथ ले ली और राष्ट्रपति कार्यालय को इसकी जानकारी दे दी। इनमें अन्ना कोर्विन-पियोत्रोव्स्का भी शामिल थीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने संसद में ली गई इस शपथ को मान्यता नहीं दी। न्यायाधिकरण अध्यक्ष बोगदान शिवएचकोव्स्की ने भी इन चारों जजों को अदालत में काम करने की अनुमति नहीं दी। इससे विवाद और बढ़ गया। टस्क सरकार का कहना था कि संसद से चुने गए जजों को काम करने से रोकना गलत है। दूसरी तरफ, राष्ट्रपति और 'लॉ एंड जस्टिस' (पीआईएस) पार्टी का कहना था कि जजों की नियुक्ति में संविधान के नियमों का पालन होना चाहिए।

पीएम टस्क पर संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप

पोलैंड में पीएम डोनाल्ड टस्क की सरकार पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगा है। यह विवाद देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल को लेकर शुरू हुआ है। एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया।

पोलैंड में राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख



नावरोत्स्की

पोलैंड में राष्ट्रपति और पीएम दोनों की अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। पीएम डोनाल्ड टस्क सरकार चलाते हैं, जबकि राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। दोनों के बीच अदालतों में जजों की नियुक्ति और उनके काम करने के तरीके को लेकर विवाद चल रहा है। अब यह लड़ाई देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल तक पहुंच गई है। टस्क चाहते हैं कि पिछली सरकार के समय अदालतों में हुई नियुक्तियों और बदलावों को ठीक किया जाए।

कानून का राज बहाल करना जिम्मेदारी: टस्क

पीएम डोनाल्ड टस्क ने अपनी सरकार के फैसलों का बचाव करते हुए कहा कि पीआईएस पार्टी के शासन में सालों तक कानून का उल्लंघन हुआ। अब कानून का राज बहाल करना एक मुश्किल प्रक्रिया है। इसमें कभी-कभी कड़े और दर्दनाक फैसले लेने पड़ते हैं।

तुर्किये के पूर्व विदेश मंत्री यूएन महासचिव की दौड़ में

एजेंसी ▶▶| अंकारा

संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव पद की दौड़ में तुर्किये ने अपने पूर्व विदेश मंत्री फेरिदुन सिनिरलियोग्लू का नाम आगे बढ़ाया है। तुर्किये ने शनिवार को आधिकारिक रूप से उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इसे तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन का समर्थन हासिल है। वे 70 साल के हैं। वह 2015 में कुछ महीनों तक तुर्किये के विदेश मंत्री रहे थे। इसके बाद 2016 से 2023 तक उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में तुर्किये के राजदूत के तौर पर काम किया। फिलहाल वह वियना स्थित यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन के महासचिव हैं। उनका मौजूदा कार्यकाल दिसंबर 2027 में खत्म होना है। मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 10 साल से इस पद पर हैं।

एआई बना साइबर जासूसी का हथियार

14 देशों के 200 से ज्यादा संगठन निशाने पर, कई कंपनियां प्रभावित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एआई का इस्तेमाल अब साइबर जासूसी अभियानों को बड़े पैमाने पर अंजाम देने के लिए भी किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक ने चीन से जुड़े हैकर समूह 'वेपर पांडा' के ऐसे ही अभियान का खुलासा किया है। इसमें एआई आधारित एजेंटिक फ्रेमवर्क से 14 देशों के 200 से अधिक संगठनों को निशाना बनाया गया। इनमें कई मंत्रालय व सरकारी विभाग शामिल थे।

हैकर्स ने चीन में विकसित डीपसेक का उपयोग किया

इन संगठनों में सरकारी संस्थान, विदेश मंत्रालय, रक्षा-सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कंपनियां, दवा निर्माता तथा दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। 17 अक्तूबर से शुरू इस अभियान में हैकर समूह ने आर्टेक्स नामक ओपन-सोर्स एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क के साथ चीन में विकसित डीपसीक और एक अन्य व्यावसायिक एआई मॉडल का इस्तेमाल

एआई एजेंट्स कर रहे मदद

एआई आधारित टूल्स की वजह से साइबर हमलों का तरीका बदल रहा है। जहां पहले हैकर्स को कई तकनीकी काम खुद करने पड़ते थे, वहीं एआई एजेंट्स (एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क) कुछ प्रक्रियाओं को तेजी से और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अब हैकर्स को किसी सिस्टम में घुसपैठ करने के लिए हफ्तों मेहनत नहीं करनी पड़ती। एआई एजेंट बिना किसी इंसानी मदद के, खुद से निर्णय लेकर और बिना रुके 24 घंटे साइबर हमलों को अंजाम दे रहे हैं।

नेटवर्क निगरानी करनी होगी मजबूत

इससे सरकारी विभागों, कंपनियों और जरूरी सेवाओं से जुड़े नेटवर्क की सुरक्षा चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऐसे में संगठनों के लिए नेटवर्क की निगरानी, मजबूत पासवर्ड व्यवस्था, लॉगिन गतिविधियों की जांच और संदिग्ध गतिविधियों की समय पर पहचान करना अहम हो जाता है।

अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर की दो टूक

ऊर्जा संकट उत्पादन की कमी से नहीं, आपूर्ति और अनिश्चितताओं में बाधाओं से पैदा हो रहा

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

> जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति हैं। बाधाओं, प्रतिबंधों से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं

अमेरिका के अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दूसरे पूर्ण सत्र को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संकट पर चिंता जताई।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया आज ऊर्जा उत्पादन की कमी से नहीं, बल्कि अनिश्चितता, आपूर्ति में व्यवधान, अत्यधिक लागत और ऊर्जा तक पहुंच की चुनौतियों से पैदा हुए संकट का सामना कर रही है। उन्होंने ऊर्जा व्यापार और बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जा रहे हमलों को कीमतों को अपने नियंत्रण में रखने की सोची-समझी रणनीतिकरार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी टिप्पणी साझा करते हुए कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति हैं। बाधाओं, प्रतिबंधों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियां अब अधिक बार सामने आ रही हैं और उनकी जटिलता तथा प्रभाव का दायरा भी बढ़ रहा है। उन्होंने कम आय वाले देशों की स्थिति पर विशेष चिंता जताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन देशों की मुश्किलों और उनकी जरूरतों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों की जरूरत

विदेश मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के साथ ऊर्जा भंडारण, छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज से लेकर उनके पुनर्चक्रण तक की पूरी प्रक्रिया को शामिल करता है। इसके साथ ही भारत ने जी20 के समक्ष महत्वपूर्ण खनिजों के सर्कुलरिटी यानी पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने की पहल का प्रस्ताव रखा है।

तेल और गैस के बीच अंतर करने पर उठाए सवाल

जयशंकर ने तेल और गैस के बीच सुविधानुसार अंतर किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों ऊर्जा स्रोतों को लेकर अलग-अलग छूट दिए जाने की प्रवृत्ति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया और न ही उन छूटों का स्पष्ट उल्लेख किया, जिनकी ओर उनका इशारा था। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक बाजार में एक क्षेत्र में पैदा होने वाले व्यवधान का असर दूसरे क्षेत्रों पर भी पड़ता है। परस्पर निर्भरता के इस दौर में ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के दूरगामी प्रभावों को कम करके नहीं आंकना चाहिए।

साझा बयान पर सहमति नहीं बन पाई

रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान युद्ध, अमेरिकी टैरिफ और दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों को लेकर देशों के बीच मतभेद रहे। होर्मुज स्ट्रेट समेत समुद्री रास्तों से व्यापार और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही भी चर्चा का मुद्दा रही। इन मतभेदों के कारण बैठक के अंत में सभी देशों की ओर से साझा बयान जारी होने की संभावना नहीं रही।

भारत को बांग्लादेश से ट्रांजिट कॉरिडोर नहीं दें: नाहिद इस्लाम

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में विपक्षी नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम ने भारत को लेकर अपनी सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश की जमीन से भारत को किसी भी तरह का ट्रांजिट कॉरिडोर देने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने गंगा जल बंटवारे को लेकर भी भारत के साथ निष्पक्ष समझौते की मांग की है। नाहिद ने चेतावनी दी कि अगर नए समझौते में बांग्लादेश के हिस्से के पानी की सुरक्षा नहीं हुई तो लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। ढाका में एनसीपी की ओर से आयोजित रैली में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। रैली में मुख्य रूप से गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद और बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्री इकबाल हसन महमूद टुकू के इस्तीफे की मांग की गई। आरोप लगाया कि दोनों मंत्री ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI: Rajindra Honda (Daryaganj) - 9910116248; (Samaypur Badli) - 9667515743; J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Jaitpur) - 9818556993; Aspire Honda (Pul Pehladpur Badarpur) - 9205240222; (Meethapur) - 8368689165; (Khadda Colony) - 9990200011; (Tughlakabad) - 9818556993; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; (Sagarpur) - 9811001794; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; (Paschimpuri) - 9211997585; (Uttam Nagar) - 9211711827; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 9212385537; (Vikas Nagar) - 9217226037; (Ranhola) - 9212385582; (Mohit Nagar NSIT) - 9266031192; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9212670292; (Kapashera) - 7290068238; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 8130547053; (Jheel) - 9821707756; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8826993157; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130738666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109